हरिभूमि
महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शुक्रवार 2 अक्टूबर 2026

13 बिजली चोरी रोकने गई टीम के हमलावर गिरफ्ता...



14 आवधिक आंकलन-1 के परिणामों का क्लस्टर...



खबर संक्षेप

कर्मचारियों का संयुक्त धरना तीसरे दिन समाप्त

मंडी अटेली। हरियाणा गर्व. पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्ज यूनियन की अटेली व कनीना शाखा का संयुक्त धरना-प्रदर्शन तीसरे दिन वीरवार को मांगों के समाधान के आश्वासन के बाद समाप्त हो गया। तीसरे दिन दोपहर बाद कार्यकारी अभियंता की ओर से संगठन के शिष्टमंडल को बातचीत के लिए लिखित पत्र भेजा गया। इसके बाद यूनियन प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारियों के साथ वार्ता की। इस दौरान 17 सूत्रीय मांग पत्र पर बिंदुवार चर्चा की गई और कर्मचारियों की समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा गया। वार्ता के बाद प्रशासन की ओर से करीब एक माह के भीतर मांगों का समाधान करने का लिखित आश्वासन दिया गया। आश्वासन मिलने के बाद यूनियन ने तीसरे दिन ही धरना समाप्त करने की घोषणा की।

समस्याओं का तत्परता से हो समाधानः डीसी

महेंद्रगढ़। लघु सचिवालय स्थित एसडीएम कोर्ट रूम में वीरवार को आयोजित किए गए समाधान शिविर में डीसी अनुपमा अंजली ने जन समस्याएं सुनीं। इस दौरान एसडीएम योगेश सैनी व डीएमसी रणबीर सिंह भी मौजूद रहे। डीसी अनुपमा अंजली ने समाधान शिविर में लोगों की शिकायतों को सुना और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को उनका समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी विभाग तत्परता से जन शिकायतों का निवारण करें, ताकि लोगों को बेवजह सरकारी कार्यालयों के चक्कर ना लगाने पड़े।

ट्राले की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

नारनौल। नेशनल हाईवे नंबर 148–बी पर गांव खानपुर के जलेबी चौक के नजदीक ट्राले की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे में बाइक सवार सड़क पर गिर गया और उसके सिर में गंभीर चोट लग गई। सूचना मिलने पर उसे एंबुलेंस की मदद से सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस को दी शिकायत में परतापुर थाना मांढण, कोटपूतली निवासी कर्ण सिंह ने बताया कि उसके गांव का कुलदीप कुमार गत दिवस स्प्लेंडर बाइक पर सवार होकर अपनी ससुराल गांव अमरपुरा जा रहा था। जब वह नेशनल हाईवे नंबर 148बी पर खानपुर के पास जलेबी चौक से पहले पहुंचा।

विद्यार्थी परिषद् के चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विवि में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विद्यार्थी परिषद् के चुनाव गुरुवार को शांतिपूर्ण संपन्न हो गए। इस चुनाव में प्रत्येक विभाग से विभागीय प्रतिनिधि का चयन हुआ, जो विवि की नई विद्यार्थी परिषद् का गठन करेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने परिषद् के लिए सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। विवि के छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय द्वारा आयोजित इस चुनाव में 34 विभाग के कुल 38 विभागीय प्रतिनिधि चुने गए। प्रो. रेनू यादव ने बताया कि केंद्रीय विवि अधिनियम 2009 के अनुसार विद्यार्थी परिषद् का गठन सीधे वोट एवं विभागीय शिक्षक परिषद् द्वारा मनोनयन के आधार पर होता है।

रसूलपुर में ट्यूबवेल केबल चोरी

कनीना। सदर थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव रसूलपुर में अज्ञात चोरों ने एक ट्यूबवेल से बिजली की केबल चोरी कर ली। पीड़ित दीपक कौशिक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव की सीमा में उनका ट्यूबवेल बना हुआ है। 29 सितंबर को मोटर जल जाने के कारण उन्होंने कुएं से करीब 230 फीट केबल बाहर निकालकर रखी हुई थी। जब वे मौके पर पहुंचे, तो वहां से केबल गायब मिली।

139 करोड़ की योजनाओं से महेंद्रगढ़ शहर की तस्वीर बदलने की उम्मीद, 15 वार्डों में सड़क, स्ट्रीट लाइट, सफाई और जल निकासी सुविधाओं से जुड़े कार्यों पर जोर

विकास गोडवाल ⏭महेंद्रगढ़

नगर पालिका की ओर से शहर के सभी 15 वार्डों में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए विभिन्न विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। इनमें सड़क निर्माण, स्ट्रीट लाइट, सफाई, जल निकासी, पेयजल और सामुदायिक सुविधाओं से जुड़े कार्य शामिल हैं। समग्र विकास के लिए विशेषज्ञ एजेंसी से सर्वे करवाकर करीब 139 करोड़ रुपये की विस्तृत विकास योजनाएं भी तैयार की गई हैं, जिन्हें बजट और स्वीकृति के लिए सरकार को भेजा गया है। नगर पालिका के अनुसार शहर में करीब दो करोड़ रुपये की लागत से 50 से अधिक सड़कों और गलियों का निर्माण एवं सुधार करवाया गया है। इनमें मसानी चौक से 11 हट्टा बाजार होते हुए कॉलेज मोड़, परशुराम चौक से सब्जी मंडी गेट, परशुराम चौक से सर्राफा बाजार होते हुए गौड़ जी की दुकान तथा बालाजी चौक से जिंदल मेडिकल हॉल होते हुए प्याऊ तक के सड़क मार्ग शामिल हैं। इसके अलावा डुलाना रोड से मोड़ा वाली आश्रम, रेलवे फाटक से माजरा चुंगी चौक, रेलवे स्टेशन के सामने से अनाज मंडी गेट और 11 हट्टा बाजार से वाल्मीकि मंदिर तक भी सड़क निर्माण व सुधार कार्य करवाए गए हैं।

11 हट्टा बाजार से वाल्मीकि मंदिर तक भी सड़क निर्माण व सुधार कार्य करवाए

नागरिकों को मिल रहा लाभ



जो कार्य पूरे हो चुके हैं, उनका लाभ नागरिकों को मिल रहा है। निर्माणाधीन कार्यों को पूरा करवाने के साथ सरकार को भेजी गई बड़ी परियोजनाओं की स्वीकृति और बजट उपलब्ध करवाने के लिए प्रयास जारी हैं। प्रस्तावित 139 करोड़ रुपये की योजनाओं के क्रियान्वयन से शहर के विकास को आगे बढ़ाने का लक्ष्य है। **-रमेश सैनी,** प्रधान, नगर पालिका, महेंद्रगढ़।



महेंद्रगढ़। नगर पालिका भवन।

सफाई और जल निकासी पर फोकसः शहर में घर-घर कूड़ा संग्रहण का कार्य किया जा रहा है। रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था के लिए नाइट स्वीपिंग योजना तैयार की गई है, जिसके लिए स्वीकृति के बाद टेंडर प्रक्रिया आगे बढ़ाने की बात कही गई है। आधुनिक सार्वजनिक शौचालय स्थापित करने की दिशा में भी प्रक्रिया चल रही है।

2300 स्ट्रीट लाइट लगाने का दावाः प्रकाश व्यवस्था को बेहतर करने के लिए शहर में करीब 2300 नई स्ट्रीट लाइटें लगाए जाने की जानकारी है। सौंदर्यीकरण के लिए तिरंगा लाइटें भी लगाई गई हैं। रिवासा फ्लाईओवर से महाराजा सूर सैनी चौक तक डिवाइडर पर आधुनिक स्ट्रीट लाइट लगाने की तैयारी है। राव तुलाराम चौक और महाराणा प्रताप चौक पर ट्रैफिक लाइट लगाने की प्रक्रिया भी चल रही है।

मंजूरी का इंतजार

करीब 139 करोड़ रुपये की योजनाओं में लगभग पांच किलोमीटर मुख्य सड़क को मॉडल रोड के रूप में विकसित करना, आधुनिक पार्क, ऑडिटोरियम, लाइब्रेरी, इनडोर स्टेडियम और मल्टीलेवल पार्किंग जैसी परियोजनाएं शामिल हैं। इन योजनाओं को सरकार से स्वीकृति और बजट मिलने के बाद चरणबद्ध तरीके से शुरू करने का लक्ष्य है। पात्र अनअप्रूव्ड कॉलोनियों को नियमानुसार अप्रूव करवाने के लिए भी सर्वे कर फाइल सरकार को भेजी गई है। बिजली व्यवस्था मजबूत करने के लिए 33 केवी पावर हाउस के लिए बिजली विभाग को भूमि उपलब्ध करवाई गई है।

भवन और सामुदायिक केंद्रों का निर्माण

नगर पालिका के नए भवन का करीब चार करोड़ रुपये की लागत से निर्माण कार्य प्रगति पर बताया गया है। देवीलाल पार्क के पास करीब पांच करोड़ रुपये की लागत से कम्युनिटी सेंटर विकसित करने की योजना है। मोहल्ला वाल्मीकि का कम्युनिटी सेंटर पूरा हो चुका है, जबकि मोहल्ला सैनीपुरा में निर्माण कार्य जारी है। शहर में 25 वाटर कूलर लगाने की योजना भी प्रस्तावित है। सब्जी मंडी गेट से ब्रह्मचारी रोड तक सड़क निर्माण का वर्क ऑर्डर जारी किया जा चुका है। वार्ड 11, 12 और 13 के लोगों की मांग पर श्मशान घाट की चारदीवारी के निर्माण का वर्क ऑर्डर भी जारी किया।

पहले दिन बाजरा मंडी लेकर आए 29 किसानों के काटे गए टोकन

पहले दिन नहीं बिका बाजरे का एक भी दाना, किसान निराश

सरकारी खरीद एजेंसी बाजरा लेने नहीं पहुंची, वहीं आढ़तियों ने बाजरे के औने–पौने दाम लगाए

कुछ ऐसे किसान भी मंडी पहुंचे, जिनके वाहनों पर पंजीकरण नंबर दर्ज नहीं थे

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल







नारनौल। मंडी गेट पर खड़े बाजरे से भरे ट्रैक्टर–ट्राली, अटल कैंटीन में भोजन का निरीक्षण करते एसडीएम उमेद सिंह व सचिव आदित्य यादव व बाजरे की ढेरियां।

प्रदेश सरकार की घोषणा के अनुसार भले ही आज से खरीफ सीजन की प्रमुख फसल बाजरे की सरकारी खरीद चालू होनी थी, लेकिन पहले दिन एक भी दाना सरकारी रेट पर नहीं खरीदा गया। कमाल की बात है कि पहले दिन प्राइवेट में भी बाजरा नहीं बिका। इस कारण किसानों में मायूसी छाई हुई है। जानकारी के अनुसार नांगल चौधरी रोड पर जल महल के समीप बनी अनाज मंडी में पहले दिन एक अक्टूबर को 29 किसानों के टोकन काटे गए, जो बाजरा बेचने के लिए मंडी आए थे। कुछ ऐसे किसान भी मंडी पहुंचे, जिनके वाहनों पर पंजीकरण नंबर दर्ज नहीं थे। इस कारण उनके गेट पास न ही काटे, न ही क्यूआर कोड स्कैन किए गए तथा उन्हें मंडी में एंट्री भी नहीं दी गई। हुआं यूं कि पहले दिन सवेरे करीब नौ बजे उपरांत किसान बाजरा लेकर मंडी पहुंचना शुरू हो गए थे। पहला दिन होने के कारण कम ही संख्या में किसान मंडी पहुंचे। मंडी पहुंचे किसानों ने अपना बाजरा ढेरी पर लगा दिया तथा उसकी बिक्री का इंतजार करने लगे, लेकिन सवेरे से शाम हो गई, उनका बाजरा नहीं बिक पाया। सरकारी खरीद एजेंसी बाजरा लेने नहीं पहुंची, वहीं आढ़तियों ने बाजरे के औने–पौने दाम लगाए।

अधिकारी व मार्केट कमेटी कर्मियों से नोकझोंक

कनीना। अनाज मंडी चेलावास में वीरवार को पहले दिन ही बाजरे की खरीद प्रारंभ नहीं हो सकी। हालांकि खरीद एजेंसी हैफेड के अधिकारियों ने मंडी में आए बाजरे के नमूने लेकर टेस्टिंग के लिए रेवाड़ी स्थित लैब में भेजे जाने की बात कही। जिस पर किसान बिफर गए। वहीं प्राइवेट खरीद 2100-2200 रुपये प्रति क्विंटल होने पर किसान 2300 रुपये प्रति क्विंटल खरीद तथा 600 रुपये भावांतर की मांग पर अड़े रहे। कशमकश के बावजूद बाजरे के सैंपल नहीं लिए जा सके।

अटेली में टोकन के बाद भी नहीं हुई सरकारी खरीद

मंडी अटेली। बाजरे की सरकारी खरीद वीरवार से होनी थी, लेकिन सरकारी खरीद नहीं हुई। जिस कारण किसानों को दो हजार से 2200 तक बाजरा आढ़तियों को बेचना पड़ा। हालांकि मार्केट कमेटी ने सरकारी खरीद के लिए 80 टोकन भी जारी कर दिए थे। सरकारी खरीद नहीं होने पर दिनभर किसान मंडी में चक्कर काटते देखे गए। मार्केट कमेटी के सचिव, खरीद एजेंसी हैफेड की मार्केटिंग सोसायटी के माध्यम कोई संतोषजनक जबाब नहीं मिला।

नांगल चौधरी : फसल तस्दीक की धीमी रफ्तार में अटके टोकन

नांगल चौधरी। सरकार के निर्देशानुसार निर्धारित अनाज मंडी में बुधवार से बाजरे की समर्थन मूल्य पर खरीद शुरू होनी थी, लेकिन फसल तस्दीक की प्रक्रिया पूरी नहीं होने के कारण खरीद का काम शुरू नहीं हो सका। मार्केट कमेटी के पोर्टल पर टोकन रिलीज नहीं होने से बाजरा लेकर मंडी पहुंचे किसानों को करीब तीन घंटे तक इंतजार करना पड़ा। विभाग की ओर से खरीद शुरू होने को लेकर सकारात्मक जवाब नहीं मिलने पर किसान अपनी उपज वापस लेकर लौट गए। आपको बता दें कि सरकार ने बाजरे का समर्थन मूल्य 2900 रुपये प्रति क्विंटन निर्धारित किया है, जिसमें 2300 रुपये खरीद एजेंसी की मार्फत मिलेंगे, इसके बाद किसानों को पोर्टल पर जे-फार्म अपलोड करना होगा, जिसके आधार पर किसानों को 600 रुपये प्रति क्विंटन के हिसाब से बैंक खातों में भुगतान किया जाएगा।

फसलों की गिरदावरी नहीं होने से अटकी खरीद प्रक्रिया

मार्केट कमेटी के सचिव आदित्य यादव ने बताया कि निर्धारित शेड्यूल के अनुसार सुबह कुछ किसान बाजरा लेकर मंडी गेट पर पहुंचे थे, लेकिन फसल गिरदावरी नहीं होने के कारण टोकन रिलीज नहीं हो पाए, जिस कारण किसानों को वापस लौटना पड़ा है। राजस्व विभाग से संपर्क करने पर उन्होंने सोमवार तक फसल वैरीफाई करने का भरोसा दिया है।

पूर्व राजस्व मंत्री कैलाश चंद शर्मा की गाड़ी में लगी आग बाल-बाल बचे

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

प्रदेश के पूर्व राजस्व मंत्री कैलाशचंद शर्मा की गाड़ी में वीरवार शाम आग लग गई। जिस समय आग लगी, उस समय पूर्व मंत्री खुद गाड़ी चला रहे थे। आग लगने पर धुआं उठता देख, वे गाड़ी से उतर गए। जिसके कारण वे बाल-बाल बच गए। नारनौल में पूर्व मंत्री कैलाशचंद्र शर्मा शाम को करीब सात बजे अपनी डिजायर गाड़ी में सवार होकर शिव कॉलोनी स्थित अपने मकान से सेक्टर एक में किसी से मिलने के लिए गए थे। मंत्री के बेटे विकास शर्मा के मुताबिक इस दौरान जब वे सेक्टर एक में घनी आबादी के बीच थे तो इंजन से धुआं उठता हुआ दिखाई दिया। इस पर वे गाड़ी से उतर गए। जैसे ही वे गाड़ी से उतरे तो इंजन में से आग की तेज लपटें उठने लगी। जिस पर वे गाड़ी से एकदम से दूर चले गए। यह देख आसपास के लोगों ने तुरंत दमकल को फोन कर दिया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची दमकल ने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

दौखेरा के पहाड़ पर बिना अनुमति खनन, धरने का अल्टीमेटम

- खनन के मकसद से हजारों छोटे पौधे उखाड़ने के आरोप, जिला प्रशासन से जांच करके कार्रवाई की लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭नांगल चौधरी

दौखेरा पहाड़ पर बिना अनुमति खनन गतिविधियां शुरू होने और हरे पौधों को उखाड़े जाने से ग्रामीणों में रोष है। आक्रोशित ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर पहाड़ पर चल रही खनन गतिविधियों को तत्काल प्रभाव से रुकवाने की मांग की। साथ ही संबंधित विभाग के अधिकारियों पर खनन गतिविधियों में मिलीभगत के आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो खंड मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। ग्रामीणों का नेतृत्व कर रहे लालचंद गुर्जर ने बताया कि दौखेरा पहाड़ के समीप आवासीय मकान होने के साथ-साथ मंदिर और अन्य सार्वजनिक सुविधाएं भी मौजूद हैं। यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीणों का आवागमन होता है। आरोप है कि पिछले करीब 15-20 दिनों से पहाड़ पर खनन गतिविधियां फिर से शुरू हो गई हैं। कथित तौर पर खनन में पापलैंड मशीनों का इस्तेमाल कर मिट्टी और पहाड़ की खुदाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि पिछले साल पहाड़ की तलहटी में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पौधारोपण किया गया था। इन पौधों के पेड़ बनने से पहले ही खनन गतिविधियों के चलते बड़ी संख्या में पौधों को उखाड़ दिया गया।



नांगल चौधरी। विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते संचालक रामनिवास।

ब्रिगेडियर रामनिवास विद्या स्कूल का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭नांगल चौधरी

ब्रिगेडियर रामनिवास विद्या पब्लिक स्कूल गोनेड़ा ने जिला स्तरीय अंतरविद्यालय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 स्वर्ण, 31 रजत और तीन कांस्य पदक हासिल किए। विजेता खिलाड़ियों को स्कूल प्रबंधन कमेटी ने प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। स्कूल के निदेशक रामनिवास ने बताया कि प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर विद्यालय के पांच खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय अंतरविद्यालय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। चयनित खिलाड़ियों में नितिन पुत्र धर्मेंद्र, हिमांशु पुत्र वेदप्रकाश, नक्ष पुत्र राजू, धीरज पुत्र राजेश और बलजीत पुत्र जयसिंह शामिल हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ खेल, शारीरिक प्रशिक्षण, व्यक्तित्व विकास और संस्कारों पर विशेष जोर दिया जाता है। जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में मिली यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों व प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। विद्यालय परिवार ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों, चयनित प्रतिभागियों, शिक्षकों, प्रशिक्षकों को सम्मानित किया गया।

बिहाली में जहरीला पदार्थ खाने से किसान की मौत

मंडी अटेली। अटेली क्षेत्र के गांव बिहाली में बुधवार सायं जहरीला पदार्थ खाने से करीब 49 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बिहाली निवासी कृष्ण खेती-बाड़ी का कार्य करता था।उसने बुधवार सायं किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर अटेली पुलिस अस्पताल पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। अटेली पुलिस ने वीरवार को शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया।

आईटीआई में आज गांधी व शास्त्री जयंती पर कार्यक्रम

नारनौल। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आज दो अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य समारोह का आयोजन होगा। इसकी अध्यक्षता संस्थान प्रधानाचार्य विनोद कुमार खंगवाल करेंगे। समारोह में भाषण प्रतियोगिता, देशभक्ति गीत और स्वच्छता अभियान मुख्य आकर्षण होंगे।

प्रतिभा खोज कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭नांगल चौधरी

शहीद मेजर सतीश दहिया राजकीय महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय प्रतिभा खोज कार्यक्रम का मंगलवार को समापन हुआ। जिसमें विद्यार्थियों ने गीत, गजल, भजन, समूह नृत्य, नुक्कड़ नाटक, रंगोली और ऑन द स्पॉट पेंटिंग सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार यादव ने की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के साथ उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से पढ़ाई के साथ सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। नृत्य में मौसम ने प्रथम, अजीता ने द्वितीय और नविता ने तृतीय स्थान हासिल किया। समूह डांस में शिवानी टीम प्रथम, प्रियांशु टीम द्वितीय और किरण टीम तृतीय रही।



नांगल चौधरी। विद्यार्थियों को सम्मानित करते प्राचार्य डॉ. अनिल यादव।

जांच गत 19 सितंबर को एक छात्र से मारपीट के वायरल वीडियो का मामला गर्माया

आईटीआई में छात्र मारपीट से शुरू हुए विवाद में एडिशनल डायरेक्टर ने शुरू की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

महेंद्रगढ़ रोड स्थित आईटीआई में एक अनुदेशक एवं महिला अनुदेशिका द्वारा छात्र की मारपिटाई से शुरू हुए विवाद में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान विभाग के निदेशक के आदेशों की अनुपालना में अतिरिक्त निदेशक ने जांच शुरू कर दी है। अतिरक्त निदेशक सुमित सहरावत ने आईटीआई नारनौल पहुंचकर प्रभावित पक्षों के साथ–साथ आईटीआई स्टॉफ से भी मुलाकात की और स्थिति की जानकारी ली। बता दें कि गत 19 सितंबर को एक छात्र से मारपीट के वॉयरल वीडियो को लेकर महिला अनुदेशिका आईटीआई के प्रिंसिपल कार्यालय में अपना पक्ष रखने गई थी। प्रिंसिपल की शिकायत में आरोप है कि तभी वहां पर आईटीआई के अनुदेशक रवि सैनी भी कार्यालय में बिना अनुमति के प्रधानाचार्य कार्यालय में गए और वहां पर प्रधानाचार्य से अभद्र एवं अनुचित व्यवहार किया। आरोप है कि महिला अनुदेशिका का व्यवहार भी प्रधानाचार्य के प्रति उचित नहीं था।



एडिशनल डायरेक्टर सुमित सहरावत।

जांच उपरांत निदेशक को सौंपेंगे रिपोर्ट

इसी मामले में अब विभागीय अतिरिक्त निदेशक सुमित सहरावत ने आईटीआई नारनौल पहुंचकर जांच शुरू की है। जब वह जांच करने पहुंचे, तब उन्होंने प्रभावित पक्षों से पूछताछ करने के साथ ही स्टॉफ से भी बात की। इसी दौरान पत्रकारों से हुई बातचीत में अतिरिक्त निदेशक सुमित सहरावत हाल ही में आईटीआई से संबंधित एक शिकायत निदेशक के पास पहुंची थी, जिस पर निदेशक ने उन्हें जांच करने के लिए यहां भेजा है। उनका कहना था कि मामले की वास्तविक स्थिति जांच उपरांत ही पता चल सकेगी। अनुदेशक रवि सैनी को जहां तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है, वहीं महिला अनुदेशिका से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

लिखित शिकायत दी

इसी मामले में प्रधानाचार्य विनोद खनगवाल ने विभागीय उच्चाधिकारियों को लिखित शिकायत कर दी थी। जिस पर संज्ञान लेते हुए विभागीय निदेशक ने तत्काल प्रभाव से आरोपित अनुदेशक को पद से निलंबित कर दिया था, जबकि महिला अनुदेशिका को ठोस सबूतों एवं दस्तावेजों के आधार पर स्पष्टीकरण देने के लिए तीन दिन का समय देते हुए पद से बर्खास्त करने की चेतावनी दी थी। सूत्र बताते हैं कि महिला अनुदेशिका ने अपना पक्ष रखते हुए जवाब दे दिया है, लेकिन अब जवाब उपरांत उस पर अंतिम निर्णय होना बाकी है।

गौरव / रजनी अरोड़ा

बच्चो, हमारे देश को आजाद कराने में महात्मा गांधी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। गांधी जी के विचार और उनके संदेशों ने सिर्फ भारत ही नहीं, पूरी दुनिया के लोगों को प्रभावित किया। यही वजह है कि अपने देश के अलावा दुनिया के कई देशों में भी महात्मा गांधी की भव्य प्रतिमाएं स्थापित हैं। दुनिया भर में मौजूद महात्मा गांधी की कुछ प्रतिमाओं के बारे में जानो।

दुनिया के कई देशों में हैं महात्मा गांधी की प्रतिमाएं



लंदन के पार्लियामेंट स्क्वायर पर स्थित प्रतिमा

बच्चो, महात्मा गांधी भारत के स्वतंत्रता संग्राम के नायक होने के साथ ही, पूरी मानवता और संपूर्ण विश्व के लिए प्रेरणा स्रोत भी रहे हैं। अहिंसा, सत्याग्रह और शांतिपूर्ण प्रतिरोध के उनके विचार पूरी दुनिया में आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके जीवनकाल में थे। कई देशों में स्थापित गांधी जी की प्रतिमाएं इस बात का प्रमाण हैं।

यूनाइटेड किंगडम: हमारे देश में लगभग 200 साल तक शासन करने वाले ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ गांधी जी ने जीवन भर संघर्ष किया था। उसी देश की राजधानी लंदन के पार्लियामेंट स्क्वायर पर 2015 में उनकी कांस्य प्रतिमा स्थापित की गई है। इसकी स्थापना गांधी जी के दक्षिण अफ्रीका से भारत लौटकर स्वतंत्रता संग्राम शुरू करने की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर की गई थी। लंदन के टैविस्टॉक स्क्वायर पर भी गांधी जी की प्रतिमा है, जहां उन्होंने कानून की पढ़ाई की थी। ये प्रतिमाएं भारत पर शासन करने वाले ब्रिटिश साम्राज्य पर गांधी जी के प्रभाव को दर्शाने के साथ, ब्रिटेन-भारत के बीच मजबूत सांस्कृतिक संबंधों का प्रतीक भी हैं।

दक्षिण अफ्रीका: दक्षिण अफ्रीका में गांधी जी को उनके शुरुआती सामाजिक और राजनीतिक संघर्ष के लिए भी जाना जाता है। 1893 में जब गांधी जी प्रिटोरिया की यात्रा कर रहे थे, तब उन्हें पीटरमैरित्जबर्ग स्टेशन पर प्रथम श्रेणी के डिब्बे से नस्लीय भेदभाव के कारण बाहर निकाल दिया गया था। यह घटना उनके जीवन का एक निर्णायक मोड़ साबित हुई और यहीं से उन्होंने रंगभेद तथा अन्याय के विरुद्ध अहिंसक संघर्ष का मार्ग अपनाया। इसी ऐतिहासिक महत्व के कारण पीटरमैरित्जबर्ग की चर्च स्ट्रीट पर गांधी जी की एक प्रतिमा स्थापित है। इसके अलावा जोहांसबर्ग में भी उनकी एक प्रतिमा है, जो 24 वर्ष की आयु में दक्षिण अफ्रीका पहुंचकर उत्पीड़ित और वंचित समुदायों के अधिकारों के लिए लड़ने वाले युवा गांधी को श्रद्धांजलि देती है। गांधी जी की ये प्रतिमाएं भारत-दक्षिण अफ्रीका के ऐतिहासिक संबंधों की याद दिलाती हैं। साथ ही नेल्सन मंडेला जैसे नेताओं पर गांधी के प्रभाव को भी रेखांकित करती हैं, जिन्होंने रंगभेद के खिलाफ लड़ाई के लिए गांधी जी के अहिंसक प्रतिरोध से प्रेरणा ली थी।



पीटरमैरित्जबर्ग चर्च स्ट्रीट में

संयुक्त राज्य अमेरिका: महात्मा गांधी कभी अमेरिका नहीं गए। लेकिन उस समय के अमेरिकी नागरिकों और मार्टिन लूथर किंग जूनियर जैसे नेताओं पर गांधी जी के विचारों का प्रभाव था। भारत के बाद गांधी जी की सबसे अधिक प्रतिमाएं और स्मारक अमेरिका में ही हैं। न्यूयॉर्क के यूनियन स्क्वायर पार्क, सैन फ्रांसिस्को के एंबार्कडेरो क्षेत्र, वाशिंगटन डीसी में भारतीय दूतावास के सामने, अटलांटा, मोंटाना, ह्यूस्टन जैसी कई जगहों पर उनकी प्रतिमाएं स्थापित हैं। ये मूर्तियां गांधी जी के सत्याग्रह और शांतिपूर्ण अहिंसक प्रतिरोध के दर्शन को वैश्विक प्रतीक के रूप में दर्शाती हैं।



वाशिंगटन डीसी में

जापान: परमाणु हमले का दंश झेल चुके जापान के हिरोशिमा शहर में महात्मा गांधी की प्रतिमा 2023 में स्थापित की गई। मोतायासु नदी के किनारे स्थित यह प्रतिमा, दुनिया को शांति और अहिंसा का संदेश देती है। यहां एडोगावा और सुगिनामी वार्ड में भी गांधी जी की प्रतिमाएं हैं। ये प्रतिमाएं भारत-जापान के बीच दोस्ती और सद्भावना का प्रतीक हैं।

अन्य देशों में भी हैं प्रतिमाएं: स्विट्जरलैंड के जिनेवा में गांधी जी की प्रतिमा शांति के प्रतीक के रूप में खड़ी है। ऑस्ट्रेलिया के कैनबरा में ग्लीबे पार्क में गांधी जी की कांस्य प्रतिमा उनके मार्गदर्शक सिद्धांतों को दर्शाती है। इसी तरह कनाडा के टोरंटो शहर के पीस पार्क, स्पेन के मैड्रिड, अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स, रूस के मॉस्को, मॉरीशस के मोका शहर में स्थित महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट, ऑस्ट्रेलिया के सिडनी के पास पैरामाटा के जुबली पार्क, दक्षिण कोरिया के सियोल स्थित योनसे विश्वविद्यालय में भी गांधी जी की प्रतिमा स्थापित की गई है। संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी में भारतीय सामाजिक एवं सांस्कृतिक केंद्र में 2018 में एक प्रतिमा स्थापित की गई जो युवा पीढ़ी को गांधी जी के मूल्यों से सीख लेने के लिए प्रेरित करती है। *



कैनबरा का ग्लीबे पार्क में

कई अर्ध-प्रतिमाएं भी हैं स्थापित

विभिन्न देशों में गांधी जी की अर्ध-प्रतिमाएं (छाती से ऊपर) भी स्थापित हैं। ये अर्ध-प्रतिमाएं अधिकतर दूतावास परिसर, विश्वविद्यालय कैंपस, संग्रहालय या अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के भीतर सार्वजनिक स्थानों में स्थापित की गई हैं। इनमें से कुछ के बारे में जानो-



- लंदन में अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन (आईएमओ) के लंदन मुख्यालय में गांधी जी की 150वीं जयंती के अवसर पर एक अर्ध-प्रतिमा स्थापित की गई है।
- दक्षिण अफ्रीका के पीटरमैरित्जबर्ग रेलवे स्टेशन में (जहां से गांधी जी को ट्रेन के प्रथम श्रेणी के कोच से उतारा गया था) गांधीजी की दोतरफा अर्ध-प्रतिमा स्थापित की गई हैं।
- कनाडा के मैनिटोबा शहर के कैनेडियन म्यूजियम फॉर ह्यूमन राइट्स और क्यूबेक सिटी की पार्लियामेंट के सामने।
- नीदरलैंड्स, द हेग के हॉब्बेमाप्लाइन में।
- साइप्रस में संसद भवन के पास भी ऐसी प्रतिमा है।
- न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के नॉर्थ लॉन में।
- बेल्जियम की राजधानी ब्रसेल्स में भी ऐसी प्रतिमा है।

आओ याद करें महात्मा गांधी के साथ लाल बहादुर शास्त्री को भी



ज्ञानवार्ता

वसीम अहमद नगरामी

कल विद्यालय में गांधी-शास्त्री जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर के लिए विद्यालय की ओर से सभी बच्चों को कुछ-न-कुछ बोलने-सुनाने के लिए कहा गया था। इसलिए अनहद और अंकिता समारोह की तैयारियों में व्यस्त थे। लेकिन वे सोच नहीं पा रहे थे, आखिर तैयारी किस ढंग से की जाए, आइडिया कहां से लिया जाए? थोड़ा सोचने के बाद उनके दिमाग में आया कि सबसे अच्छी जानकारी तो दादी जी से ही मिल सकती है। अनहद और अंकिता तुरंत दादी के कमरे में जा पहुंचे।



अनहद ने बताया, 'दादी, कल गांधी जयंती है। हमारे स्कूल में कल इसे धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर शहर के जाने-माने लोग भी आएंगे। ऐसे में हम लोगों को कुछ ना कुछ बोलने के लिए अच्छी तैयारी करके आने को कहा गया है, लेकिन दादी हम लोग कैसी तैयारी करके जाएं, कुछ भी समझ में नहीं आ रहा है।' दादी मुस्कुरा कर बोलीं, 'बस इतनी सी बात है, आओ बैठो मैं बताती हूं। तुम दोनों गौर से मेरी बातें सुनो। इस जानकारी के आधार पर चाहे निबंध, चाहे कविता रच लेना, कोई भाषण या फिर कोई और प्रेरक कथा लिख लेना।' दादी की यह बात सुनकर अनहद और अंकिता की खुशी का ठिकाना न रहा। दोनों दादी के समीप बैठ गए। उन्होंने महात्मा गांधी के बाल्यकाल से लेकर बैरिस्ट्री की पढ़ाई तक जानकारी दी। भारत की आजादी के लिए किए गए उनके संघर्षों की जानकारी दी। इससे जुड़ी प्रेरक कथाएं बताईं। जिसे सुनकर अनहद और अंकिता बहुत भाव-विह्वल हुए। दादी का गला दास्तान सुनाते-सुनाते कई बार भर्रा गया था। उन्होंने यह भी बताया, 'महात्मा गांधी की तरह ही, इसी दिन एक और महापुरुष लाल बहादुर शास्त्री की भी जयंती मनाई जाती है। शास्त्री जी में देशभक्ति कूट-कूट कर भरी थी। वे त्याग की प्रतिमूर्ति थे। उनमें स्वाभिमान, समर्पण, सादगी, ईमानदारी के गुण थे। बहुत छोटी उम्र में उन्हें ही देश की चिंता सताने लगी थी। शीघ्र ही वे नरम दल के प्रभाव में आए और गांधी जी से प्रेरित होकर उनके अनुयायी हो गए। जब वे देश के दूसरे प्रधानमंत्री बने तब भी उन्होंने ईमानदारी, सच्चाई और सादगी का दामन नहीं छोड़ा। प्रधानमंत्री के पद पर रहते हुए भी उन्होंने कभी अपने परिवार को यह आभास नहीं होने दिया कि वे एक साधारण इंसान से ऊपर हैं। जहां गांधी जी ने करो या मरो का नारा दिया, वहीं लाल बहादुर शास्त्री जी ने 'जय जवान जय किसान' का नारा बुलंद कर देश के किसानों और जवानों दोनों का हौंसला बढ़ाया। देश में अकाल के समय में जहां अन्न की कमी नहीं होने दी, वहीं पाकिस्तान के साथ युद्ध के समय जवानों में जोश भर कर देश की सीमाओं की सुरक्षा को भी चाक-चौबंद बनाए रखा।' दादी द्वारा दी गई जानकारी को खूब अच्छे से सुनकर अनहद ने जहां एक ओजपूर्ण भाषण तैयार किया, वहीं अंकिता ने एक नन्ही-सी कविता रची। अगले दिन सुबह दोनों विद्यालय पहुंचे। विद्यालय में आयोजित गांधी जयंती समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गई थीं। दोनों ने विद्यालय में आयोजित गांधी जयंती समारोह में हिस्सा लिया। अनहद को उसके ओजस्वी भाषण के लिए जहां प्रथम पुरस्कार मिला, वहीं अंकिता को उसकी गांधी-शास्त्री जयंती पर आधारित कविता के लिए भी पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर अनहद और अंकिता के दादा-दादी भी दर्शक-दीर्घा में मौजूद थे। *

तुम्हारे लिए नई किताब / डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'

मजेदार कल्पनाओं भरे गीत

बच्चो, डॉ. वेद प्रकाश अग्निहोत्री के 25 शिशु गीतों की नई किताब प्रकाशित हुई है। 'नन्हे-मुन्ने गीत हमारे' शीर्षक से प्रकाशित इस शिशु गीत संग्रह को रचनाकार ने अपने गुरुदेव बाल साहित्यकार संत कुमार बाजपेई को समर्पित किया है।



संग्रह की भोली और नटखट कविताओं को पढ़कर तुम्हें खूब मजा आएगा। छोटे-छोटे गीतों की मजेदार कल्पनाएं बड़ी अनूठी हैं। जैसे- 'भालूजी' कविता में भालू गरम जलेबी खाता है। 'पक्का दोस्त' कविता में टमाटर-मटर में लड़ाई होती है और आलू उनका बचाव करता है। 'बंदर जी' में एडमिशन के बाद बंदर सबसे दोस्ती करता है और अपने टिफिन से दोस्तों को खिलाता भी है। ऐसे ही कविता 'धूप' बहुत ही रोचक है, जिसमें सर्दी के मौसम में मॉल से झोला भर-भर धूप लाने की गजब कल्पना है। 'लेनी पड़ी दवाई' कविता में सूरज दादा को खांसी-जुकाम के कारण दवा खानी पड़ती है।

ऐसे ही कुछ कविताओं में नटखट सवाल और शिकायतें भी हैं। जैसे 'आसमान में तारे' कविता में जिज्ञासा भरा सवाल है कि आसमान के तारे दिन में कहां खो जाते हैं और क्या फिर उनके मम्मी-पापा भी उन्हें खोजने जाते होंगे? 'ठीक नहीं मनमानी' शीर्षक कविता में सूरज से मनमानी करने पर गुस्से भरी रिक्वेस्ट भी है।

संग्रह में 'मेरे दादू', 'रेल', 'गांव', 'बनूंगा सैनिक', 'मम्मी जी', 'तितली रानी', 'फूल', 'बाल ले गया कौआ' जैसे शिशु गीत भी बहुत रोचक-मनोरंजक हैं।

किताब का आकर्षक रंगीन कवर और कविताओं के साथ बने ब्लैक एंड व्हाइट चित्र भी तुम्हें खूब पसंद आएंगे। *


किताब: नन्हे-मुन्ने गीत हमारे (शिशु गीत संग्रह), **रचनाकार:** डॉ. वेद प्रकाश अग्निहोत्री, **मूल्य:** 199 रुपए, **प्रकाशक:** नमन प्रकाशन, लखनऊ

कहानी

सरस्वती रमेश

2 अक्टूबर को रिमझिम और सरगम को स्कूल नहीं जाना था, पापा ने कहा कि हम गांधी जयंती घर पर मनाएंगे। बच्चे चौंके, घर में कैसे गांधी जयंती मनाएंगे! लेकिन घर पर गांधी जयंती मनाई गई। है तो जरूर यह चौंकाने वाली बात, पर बच्चों ने अपने पापा-मम्मी के साथ घर में गांधी जयंती मनाई, गांधी जी के आदर्शों के अनुरूप।

घर पर गांधी जयंती!



पापा, 2 अक्टूबर को हमारी छुट्टी है। हम कहीं घूमने चलें?' रिमझिम ने उत्साह से पूछा।

'क्यों?' 2 अक्टूबर को तो गांधी जयंती है। तुम्हारे स्कूल में गांधी जयंती नहीं मनाई जाएगी क्या?' पापा ने पूछा।

'वह तो 1 अक्टूबर को ही मना लेंगे। फिर 2 अक्टूबर को तो छुट्टी है!' रिमझिम ने बताया।

'तो ठीक है, 2 अक्टूबर को हम घर पर गांधी जयंती मनाएंगे।' पापा बोले।

'घर पर..! लेकिन गांधी जयंती घर पर कैसे मनाएंगे?' सरगम ने आश्चर्य से पूछा, 'गांधी जयंती पर तो भाषण होते हैं और भी कई कार्यक्रम होते हैं।'

पापा मुस्कुराए, 'गांधी जयंती मनाने के और भी तरीके हैं।'

'क्या..?' दोनों बहनें एक साथ बोलीं।

पापा ने कुछ कहने के लिए मुंह खोला ही था, मम्मी उन्हें देखकर मुस्करा दीं। पापा समझ गए चुप रहना है, सो वह चुप रहे।

अगली सुबह घर में देर तक सन्नाटा रहा। छुट्टी का दिन जो था। पापा, मम्मी, रिमझिम और सरगम देर से उठे। लेकिन उठते ही दोनों बहनों की नजर घर में इधर-उधर पड़ी चीजों पर पड़ी। रसोई में बर्तन फैले थे। झाड़ू ना लगने से घर बहुत गंदा लग रहा था। यह सब देखर दोनों बहनों की नींद गायब ही हो गई।

'ओह! घर की तो हालत ही खराब है!' रिमझिम बोली।

मम्मी ने कहा, 'आज ज्योति आंटी छुट्टी पर हैं। इसलिए हमें अपना काम खुद ही करना होगा।'

'लेकिन हम कैसे करेंगे?' सरगम तुरंत बोली, 'ये तो ज्योति आंटी का काम है।'

मम्मी बोलीं, 'तो क्या आज घर का काम नहीं होगा? सामान इसी तरह बिखरा रहेगा। साफ-सफाई नहीं होगी?'

दोनों बहनें चुप।

'चलो, पहले बर्तन धो लेती हूं। उसके बाद सब मिलकर घर साफ करेंगे।' मम्मी दोनों बेटियों के कंधे पर प्यार से हाथ रखते हुए बोलीं।

'लेकिन मुझे तो बहुत भूख लगी है।' सरगम ने पेट पर हाथ रखते हुए कहा।

'मुझे भी!' रिमझिम बोली।

पापा झट से झाड़ू उठा लाए, बोले, 'भई, मैं तो भूखा नहीं रह सकता। मैं अपना कमरा साफ करता हूं। ताकि तुम्हारी मम्मी खाना बना सकें।'

पापा को झाड़ू लगाते देखकर दोनों बहनें एक-दूसरे का मुंह देखने लगीं। आखिरकार सरगम धीरे से बोली, 'चलो, हम भी सफाई करते हैं।'

दोनों अपने कमरे में पहुंचीं। पहले उन्होंने बिखरे कपड़े समेटे, फिर अलमारी ठीक की। कुछ देर बाद सरगम के हाथ में झाड़ू थी और रिमझिम पोंछा लगाने लगी।

उधर मम्मी रसोई संभाल रही थीं। पापा कपड़े धोने में जुट गए थे। कुछ ही देर में घर में बिखरा सारा सामान व्यवस्थित ढंग से लग गया।

'देखो, मेरा कमरा कितना साफ हो गया!' रिमझिम खुशी से चिल्लाई।

'और देखो, मैंने सारे कपड़े तह करके रख दिए!' सरगम ने अपनी अलमारी दिखाते हुए कहा।

अब दोनों बहनें मम्मी के पास जा पहुंचीं।

'मम्मी, हम आपकी मदद करें?' दोनों ने एक स्वर में पूछा।

मम्मी ने मुस्कुराकर कहा, 'क्यों नहीं!'

दोपहर तक घर चमकने लगा था। सब थक चुके थे, लेकिन आज खाने की मेज पर बैठते ही सबके चेहरों पर अलग ही खुशी थी। 'आज खाना कुछ ज्यादा स्वादिष्ट लग रहा है।' पापा ने कहा।

'क्योंकि आज भूख भी ज्यादा लगी है!' सरगम हंसते हुए बोली।

सब हंस पड़े।

खाने के बाद सबने थोड़ी देर आराम किया। शाम को सभी आंगन में बैठे। रिमझिम ने अचानक पापा से पूछा, 'पापा, आपने कहा था न कि हम घर पर गांधी जयंती मनाएंगे। लेकिन हमने तो न कोई भाषण दिया, न कोई कार्यक्रम किया फिर गांधी जयंती कैसे मनाई?'

पापा ने मम्मी की ओर देखा। वह मुस्कुराते हुए बोलीं, 'आज हमने वही किया, जो गांधीजी हमें सिखाते थे।'

'क्या?' दोनों बहनों ने पूछा।

'अपने काम को छोटा न समझना और अपना काम खुद करना। ज्योति आंटी हमारी सहायता के लिए हैं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि हम अपने काम से पूरी तरह मुंह मोड़ लें। गांधीजी किसी काम को छोटा नहीं समझते थे। अपने काम के लिए किसी पर निर्भर भी नहीं रहते थे।' मम्मी बोलीं। 'किसी महान व्यक्ति को याद करने का सबसे अच्छा तरीका केवल उनके बारे में बोलना नहीं, बल्कि उनकी अच्छी सीख को अपने जीवन में उतारना भी है।' पापा ने कहा।

दोनों बहनें चुपचाप एक-दूसरे को देखने लगीं। सरगम बोली, 'मतलब, आज हमने गांधीजी के बारे में सिर्फ बात नहीं की, बल्कि उनकी एक सीख पर अमल भी किया?'

'बिल्कुल!' पापा बोले।

रिमझिम के चेहरे पर मुस्कान आ गई।

'तो पापा, अगले साल गांधी जयंती पर घूमने नहीं जाएंगे?' रिमझिम ने पूछा।

'क्यों?' पापा ने पूछा।

'पहले घर की सफाई करेंगे, फिर घूमने जाएंगे!' मम्मी बोलीं।

इस बात पर सब जोर से हंस पड़े। *

कविता

घमंडीलाल अग्रवाल



दिन दो अक्टूबर का आया!

एक नहीं दो नेताओं की
मीठी-मीठी यादें लाया,
दिन दो अक्टूबर का आया!
लाठी और लंगोटी वाले
राष्ट्रपिता वह तो थे गांधी,
जो दुनिया भर में ले आए
सत्य-अहिंसा वाली आंधी।
नहीं तोप-बंदूक चलाई
पर भारत आजाद कराया।
दिन दो अक्टूबर का आया!
और दूसरे लाल बहादुर
शान बने भारत महान की,
जिसने बुलवाई जन-जन से
जय जवान की, जय किसान की।
रहे सादगी से जीवन भर
दोनों जन की याद दिलाया,
दिन दो अक्टूबर का आया!
हम सब काम करें उन जैसे
यह संकल्प आज दोहराएं,
आम आदमी खुश हो जिसमें
सुंदर, स्वस्थ समाज बनाएं!
तभी सार्थक होगा सपना
जो था पहले गया सजाया,
दिन दो अक्टूबर का आया!

जीके क्विज-225

1. महात्मा गांधी का जन्म कहां हुआ था?
2. महात्मा गांधी दक्षिण अफ्रीका से भारत किस वर्ष लौटे थे?
3. गांधी जी अपना राजनीतिक गुरु किसे मानते थे?
4. महात्मा गांधी की पत्नी का नाम क्या था?
5. महात्मा गांधी का स्मारक कहां स्थित है?
6. गांधी जी को सबसे पहले 'महात्मा' किसने कहा था?
7. गांधी जी ने गुजरात में कौन-सा आश्रम स्थापित किया था?
8. प्रधानमंत्री के रूप में लाल बहादुर शास्त्री का क्रम क्या था?
9. एशियन गेम्स 2026 में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने कौन-सा पदक जीता है?
10. एशियन गेम्स 2026 में मीराबाई चानू ने किस खेल में सिल्वर मेडल जीता है?




बच्चो, जीके क्विज-225 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-224 का उत्तर : 1. अभिषेक शर्मा, 2. अनंत नाग, 3. ओडिशा, 4. एलेना रायबाकिना, 5. चीता, 6. मुंबई, 7. क्लीमेंट एटली, 8. हीरा, 9. हाइड्रोजन, 10. शक संवत

जीके क्विज-224 का सही उत्तर देने वाले : समायरा-रायपुर, षडानन-राजनांदगांव, कबीर-हिसार, ज्योति-राजनांदगांव, हर्ष-रोहतक, कविता-कटनी, दिशा-महासमुंद, सुमन-बलौदा बाजार, कल्पेश-रायपुर, जयंत-बिलसपुर

अंतर बताओ


बच्चो, यहां राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में सात अंतर हैं। तुम फटाफट इन दोनों चित्रों में सात अंतर ढूंढकर बताओ।



उत्तर: 1. गांधी जी की कमर पर पड़ी लंगोटी का रंग अलग है। 2. गांधी जी के जबड़े पर दाढ़ी नहीं है। 3. मेज का रंग अलग है। 4. पीठ पीछे पर बनी डेस्क की आकृति अलग डिजाइन की है। 5. दिए की लौ गायब है। 6. पीछे दिख रही खिड़की का दरवाजा दूसरी तरफ है। 7. पीछे रखे घड़े की मौजूदगी अलग डिजाइन की है।

एक जैसा चित्र खोजो

बच्चो, यहां बाईं तरफ महात्मा गांधी का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। दाईं तरफ उससे मिलते-जुलते 4 चित्र दिए गए हैं। तुम ध्यान से देखकर बताओ कि दिए गए चार चित्रों में से कौन-सा चित्र बाईं तरफ वाले चित्र से हू-ब-हू मिलता है।



उत्तर: D

जिले के सरकारी एवं निजी विद्यालयों के विद्यार्थी लेंगे भाग

एचआईवी/एड्स, रक्तदान व किशोर स्वास्थ्य पर विद्यार्थियों की होगी ज्ञान की परख

जिला स्तरीय रेड रिबन क्विज प्रतियोगिता 6 को बाछौद में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी (एचएसएसीएस) एवं विद्यालय शिक्षा निदेशालय पंचकूला के संयुक्त तत्वावधान में किशोर शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय रेड रिबन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन छह अक्टूबर को किया जाएगा। प्रतियोगिता सुबह नौ बजे बीआर पब्लिक स्कूल बाछौद में आयोजित होगी। इसमें जिले के सरकारी एवं निजी विद्यालयों के विद्यार्थी भाग लेंगे। जिला शिक्षा विभाग के अनुसार प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य किशोरों एवं युवाओं में एचआईवी/एड्स, स्वैच्छिक रक्तदान, सामान्य स्वास्थ्य, संतुलित आहार तथा किशोर स्वास्थ्य से संबंधित विषयों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। प्रतियोगिता विद्यार्थियों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियों को रोचक एवं प्रतिस्पर्धात्मक तरीके से समझने का अवसर भी प्रदान करेगी। प्रतियोगिता में प्रत्येक सरकारी एवं निजी विद्यालय से दो विद्यार्थियों की एक टीम भाग लेगी। टीम में कक्षा आठवीं, नौवीं और 11वीं में पढ़ने वाले कोई भी दो विद्यार्थी शामिल हो सकते हैं। विद्यालय सीधे जिला स्तर की प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे। डीओसी रमेश कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए विद्यालयों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

पहले लिखित स्क्रीनिंग, फिर फाइनल क्विज



प्रतियोगिता दो स्तरों में होगी। पहले स्तर पर स्क्रीनिंग टेस्ट आयोजित किया जाएगा। इसमें 40 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे, जिन्हें हल करने के लिए विद्यार्थियों को 45 मिनट का समय मिलेगा। प्रश्नों की उत्तर पुस्तिका कॉमन होगी तथा प्रश्न हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यमों में होंगे। स्क्रीनिंग टेस्ट में सामान्य स्वास्थ्य, संतुलित आहार, एचआईवी/एड्स, स्वैच्छिक रक्तदान, टीबी, राज्य एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीतियों, मासिक धर्म स्वच्छता तथा किशोरावस्था स्वास्थ्य से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे। स्क्रीनिंग में बेहतर प्रदर्शन करने वाली शीर्ष छह टीमें फाइनल क्विज के लिए चयनित होंगी। फाइनल में प्रश्नोत्तर राउंड, विजुअल राउंड, एक्टिविटी बेस्ड राउंड और रैपिड फायर राउंड के माध्यम से विद्यार्थियों के ज्ञान एवं त्वरित उत्तर देने की क्षमता की परख होगी।

विजेताओं को मिलेंगे नकद पुरस्कार

जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 3000 रुपये, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 2000 रुपये तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 1000 रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम अपने गाइड शिक्षक के साथ सात अक्टूबर को पीकेआर जैन सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल अंबाला सिटी में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में महेंद्रगढ़ जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। इसके बाद चयनित टीमों को रीजनल एवं नेशनल स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

अधिकारियों को निर्देश

जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. विश्वेश्वर कौशिक ने बताया कि सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने खंड के प्रत्येक विद्यालय से विद्यार्थियों की टीम की समय पर बाछौद पहुंचना सुनिश्चित करें, ताकि प्रतियोगिता का आयोजन निर्धारित समय पर सुचारु रूप से किया जा सके।



वरिष्ठ नागरिकों के लिए हेल्थ कैंप लगाया

नारनौल। अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में सिविल अस्पताल की ओर से किला रोड स्थित वरिष्ठ नागरिक संगठन कार्यालय में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर का समन्वय अधिवक्ता अमित कुमार पांडेय ने किया। शिविर में करीब 24 वरिष्ठ नागरिकों के रक्तचाप और रक्त शर्करा की निशुल्क जांच की गई। चिकित्सक ने वरिष्ठ नागरिकों को नियमित और संतुलित आहार लेने, हल्की कसरत करने तथा सुबह सैर करने की सलाह दी। साथ ही समय-समय पर स्वास्थ्य की जांच करवाते रहने के लिए भी प्रेरित किया। वरिष्ठ नागरिक संगठन के प्रधान ढुलीचंद शर्मा ने शिविर के आयोजन के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और सिविल अस्पताल का आभार जताया। इस अवसर पर शिवलाल वर्मा, शिवहरि अग्रवाल, बीएल सैनी, सोहनलाल चौहान, रविंद्र चौधरी, धर्मपाल शर्मा, ओपी यादव, महेंद्र सिंह यादव, बद्रीप्रसाद गर्ग, सुरेश चंद जांगिड़, ओपी बत्रा, बिशन सिंह यादव, सुरेश भारद्वाज, राजकुमार गुप्ता, ब्रह्म प्रकाश रोहिला, राधेश्याम, रमेशचंद और हीरालाल मित्तल सहित अन्य वरिष्ठ नागरिक मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

स्वच्छता के संदेश के साथ स्वरोजगार की राह

नारनौल। स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान नसीबपुर में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य जिला अग्रणी प्रबंधक जेपी यादव, डीडीएम नाबार्ड अतीश तोमर और कृष्ण कुमार यादव ने शिरकत की। इस अवसर पर संस्थान की ओर से घोषणा की गई कि पांच अक्टूबर से 12 दिवसीय डेयरी उद्योग प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। जिला अग्रणी प्रबंधक जेपी यादव ने कहा कि स्वच्छता रखना प्रत्येक नागरिक की व्यक्तिगत जिम्मेदारी है।

सतनाली कॉलेज में नशा मुक्ति पर व्याख्यान

सतनाली मंडी। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सतनाली में सेवा संकल्प अभियान के अन्तर्गत सेवा मेरा योगदान के तहत नशा मुक्ति जागरूकता विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यवक्ता राजकीय महाविद्यालय महेंद्रगढ़ के भौतिक विज्ञान विभाग के सहायक प्रो. देवेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को नशे के विभिन्न रूपों और उनके गंभीर सामाजिक, आर्थिक, शारीरिक एवं मानसिक दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नष्ट करता है।

मोबाइल कानूनी सेवा वैन को किया रवाना

नारनौल। कानूनी सेवाओं को हर नागरिक के करीब पहुंचाने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) ने वीरवार को एक नई पहल की शुरूआत की। हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के सदस्य सचिव के दिशा-निर्देशानुसार न्याय मित्र न्याय आपके द्वार अभियान के तहत डीएलएसए की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी ने मोबाइल प्रचार वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सीजेएम ने

यूजीसी कानून को लेकर बैठक आज

कनीना। सनातन धर्म के संरक्षण, व्यवस्था सुधार और समाज में समानता स्थापित करने को लेकर शुक्रवार दो अक्टूबर को नारनौल में एक अहम बैठक का आयोजन किया जाएगा। सर्व समाज की इस बैठक में यूजीसी कानून को खत्म करने तथा आर्थिक आधार पर आरक्षण व्यवस्था लागू करने पर मंथन किया जाएगा। एडवोकेट जितेंद्र शर्मा झगडोली व हेमंत मुनि ने बताया कि केंद्र व प्रदेश सरकार मनमानी बरतते हुए यूजीसी जैसे कानून थोप रही है। उन्होंने कहा कि धर्म और नीति के इस दौर में मौन रहना भी अधर्म के समान है।

26 अक्टूबर को रोहतक में होगी महापंचायत

नारनौल। जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर 26 अक्टूबर को रोहतक के नांदल भवन बोहर में प्रदेश स्तरीय महापंचायत आयोजित की जाएगी। महापंचायत को लेकर एआईकेकेएमएस कार्यकर्ताओं ने निजामपुर और आसपास के गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से इसमें शामिल होने की अपील की। बिजली के निजीकरण और स्मार्ट मीटर योजना, फसल खराबे के मुआवजे, मनरेगा में रोजगार बढ़ाने तथा बुजुर्गों की पेंशन में बढ़ोतरी से जुड़े मुद्दे भी महापंचायत में उठाए जाएंगे।

डिप्लोमा इंजीनियर एसोसिएशन ने नारेबाजी कर जताया विरोध

बिजली चोरी रोकने गई टीम के हमलावर गिरफ्तार नहीं, रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रीसिटी डिप्लोमा इंजीनियरिंग एसोसिएशन ने जिला के गांव सिसोठ में बिजली चोरी की छापेमारी करने गई टीम पर हमला कर मारपीट करने एवं अब तक दोषियों को गिरफ्तार नहीं करने के विरोध में रोष प्रदर्शन किया। वीरवार को सिंघाना रोड स्थित एसई कार्यालय में एसोसिएशन के डिप्लोमा इंजीनियर्स ने एकजुट होकर इसके खिलाफ नारेबाजी की। तत्पश्चात उन्होंने डीएचबीवीएन के अधीक्षण अभियंता को एक ज्ञापन सौंपा तथा उक्त मामले के दोषियों को गिरफ्तार कराने की मांग की। एसोसिएशन प्रधान सत्यपाल ने बताया कि गत 21 सितंबर को सुबह लगभग 10:20 बजे बिजली निगम के उपमंडल सिटी महेंद्रगढ़ में कार्यरत जेई सीताराम, एएफएम अजीत, एएलएम अंकित तथा एएलएम धर्मवीर एक शिकायत में आधार पर बिजली चोरी पकड़ने के लिए विभागीय वाहन लेकर गांव सिसोठ में लक्ष्मीकांत के घर पहुंचे। टीम सदस्यों ने घर के उक्त मालिक से इजाजत लेकर चोरी की चेकिंग शुरू की। जैसे ही टीम के सदस्य छत पर चढ़े तो मकान मालिक गजराज को फोन करके छत पर बुला लिया। तब वहां छत पर बिजली चोरी चल रही थी। उस समय ढील्लू, उसके पिता खुशीराम व गजराज ने बिजली टीम पर हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने टीम से मोबाइल, डायरी व सरकारी दस्तावेज एलएल वन आदि छीनकर टीम सदस्यों को धक्का मारा, मारपीट की और सरकारी गाड़ी के शीशे तोड़ दिए। इसके बाद टीम सदस्यों को सिविल अस्पताल महेंद्रगढ़ में उपचार के लिए भर्ती कराया गया।



नारनौल। एसई कार्यालय परिसर में नारेबाजी करते जेई। फोटो : हरिभूमि

जेई के हाथ में फ्रेक्चर

वहां से सीताराम जेई के हाथ में फ्रेक्चर के कारण रेवाड़ी के निजी अस्पताल में ईलाज चला। इसके उपरांत शिकायत के आधार पर सदर पुलिस महेंद्रगढ़ ने आरोपितों के विरुद्ध कई संघेय धाराओं में मुकदमा नंबर 263 दिनांक:21.9.2026 को दर्ज कर लिया, लेकिन केस दर्ज होने के बावजूद आरोपित अब तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। जिस कारण बिजली कर्मचारियों में भय एवं रोष व्याप्त है। आज सभी कनिष्ठ अभियंता डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन के आह्वान पर उक्त आरोपितों गजराज, ढिल्लू व खुशीराम को गिरफ्तार कर सख्त से सख्त सजा दिलाने का कार्य करें, ताकि भविष्य में बिजली चोरी में लिप्त असामाजिक तत्वों द्वारा कानून हाथ में लेने व कर्मचारियों से मारपीट करने की घटनाओं की पुनरावृति न हो।

यह दी चेतावनी

एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि यदि 10 दिन तक उक्त आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं होती है तो सभी निगम कर्मचारी बिजली चोरी पकड़ने, पीडीसीओ करने, कनेक्शन जारी करने जैसे राजस्व संबंधी कार्य करना बंद करने को विवश होंगे, जिस कारण उत्पन्न स्थिति का बिजली निगम व प्रबंधन स्वयं जिम्मेदार होगा।

इन्होंने लिया भाग

इस मौके जेई हिम्मत सिंह, जेई गजराज सिंह, जेई गजराज यादव, जेई दिलीप सिंह, जेई वेदप्रकाश, जेई शंकर लाल, जेई अंकित, जेई दीपांशु, जेई सुनील निनानियां, जेई मंजीत कुमार, जेई गोकल दत्त, जेई सत्यवीर सिंह सुरानी वाले व पवन कुमार जेई कौथल वाले आदि मौजूद रहे।

कैलाश चंद शर्मा को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

पूर्व योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी पंडित कैलाश चंद शर्मा के श्राद्ध पक्ष के अवसर पर उनके पुत्र प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व जिला अध्यक्ष एडवोकेट राकेश शर्मा ने उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पंडित कैलाश चंद शर्मा की स्मृति में पौधरोपण भी किया। पौधरोपण के माध्यम से परिवार ने उनके संस्कारों और स्मृतियों को प्रकृति संरक्षण से जोड़ते हुए समाज को सकारात्मक संदेश दिया। एडवोकेट राकेश शर्मा ने कहा कि पितृपक्ष हमारे सनातन संस्कारों में अपने पितरों को स्मरण करने और उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का विशेष अवसर है। मान्यता है कि पितृपक्ष में पितरों का अवतरण होता है। आज इसी भावना के साथ हम अपने पिता पंडित कैलाश चंद शर्मा को स्मरण कर रहे हैं और उनके आशीर्वाद को अनुभव कर रहे हैं। उन्होंने भावुक होकर कहा कि आज हमारे पिता का आशीर्वाद हमारे साथ है। राकेश शर्मा ने कहा कि उनके पिता ने उन्हें जीवन में जो संस्कार दिए वे उनके लिए सबसे बड़ी पूंजी हैं।इस मौके पर मंडल अध्यक्ष हेमंत चौबे, मनीष संघी, जोगेंद्र राजपूत, सदाराम, संदीप वर्मा, भगवान दास, जगदीश पासी, महेश सैनी, जेपी सैनी, राजेश शर्मा, मास्टर निहाल, विकास अग्रवाल, पारस बंसल, निशांत यादव, विवेक सैनी, प्रदीप वर्मा, मास्टर प्रेरित मौजूद रहे।



नारनौल। पौधरोपण करते हुए राकेश शर्मा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

विद्यार्थी जीवन दोबारा नहीं मिलता: डॉ. अभय सिंह

नारनौल। राजकीय महाविद्यालय कृष्णनगर में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व सिंचाई मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव मुख्य अतिथि रहे। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सुमन यादव की ने की। इस अवसर पर डॉ. अभय सिंह यादव ने कहा कि वे महाविद्यालय के विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों से सीधे संवाद करने के उद्देश्य से यहां आए हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन बेहद अनमोल है, इसलिए इसे गंभीरता से लेना चाहिए, क्योंकि यह समय लौटकर नहीं आता। जिस विद्यार्थी ने इस दौर में सही दिशा में मेहनत कर ली, वह जीवन में जरूर कामयाब होगा। यादव ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और भारत के पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम का उदाहरण देते हुए बताया कि दोनों ने बचपन में कड़ा संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि मेहनत के बल पर विपरीत परिस्थितियों को भी अपने अनुकूल बनाया जा सकता है।

नशा मुक्ति केंद्रों में जांच होगी अनिवार्य: एडीसी



नारनौल। हरियाणा सरकार की ओर से एचआईवी पॉजिटिव नागरिकों को 2250 रुपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता दी जाती है। यह सहायता उन परिवारों को मिलती है, जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये से कम है। यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त तरुण कुमार पावरिया ने वीरवार को एचआईवी संक्रमण की रोकथाम और लोगों को जागरूक करने को लेकर उनके कार्यालय में हुई अधिकारियों की बैठक में दी। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त ने निर्देश दिए कि जिले के सभी नशा मुक्ति केंद्रों में आने वाले व्यक्तियों की एचआईवी जांच जरूर की जाए। अन्य केंद्रों पर भी जागरूकता कैंप लगाए जाएंगे। इसके अलावा बस स्टैंड पर होर्डिंग्स लगवाए जाएंगे और व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग इस बीमारी के प्रति जागरूक हो सकें। चिकित्सा अधिकारियों ने बताया कि जांच कराने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। क जिले के किसी भी पीएचसी और सीएचसी पर एचआईवी की जांच करवाई जा सकती है। उन्होंने आमजन के लिए कहा कि वे डरें नहीं, जागरूक बनें और नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर निःशुल्क जांच जरूर करवाएं।

वरिष्ठ नागरिक सम्मान दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग की ओर से संयुक्त रूप से सेवा ओल्ड होम नसीबपुर में अन्तर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक सम्मान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बहन मिश्री देवी वरिष्ठ नागरिक संगठन के अध्यक्ष दुलीचंद शर्मा ने की। मुख्य अतिथि अमित शर्मा ने वरिष्ठ नागरिकों को सम्मान दिवस की बधाई देते हुए कहा कि बुजुर्ग समाज की अमूल्य धरोहर है और उनके अनुभव एवं मागदर्शन का समाज में विशेष महत्व है। उन्होंने समाज कल्याण विभाग की ओर से वरिष्ठ नागरिकों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि जिला समाज कल्याण अधिकारी का कार्यालय बुजुर्गों के सम्मान, अधिकारों और कल्याण के लिए हर समय तत्पर है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बहन मिश्री देवी वरिष्ठ नागरिक संगठन के अध्यक्ष दुलीचंद शर्मा ने बुजुर्गों के सम्मान और उनके अधिकारों की रक्षा पर जोर दिया।कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ नागरिको को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अरूण कुमार ने किया। सेवा ओल्ड होम के प्रभारी मोहित यादव ने कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर विनोद कुमार, विक्रम सिंह, वेदप्रकाश आदि उपस्थित रहे।



नारनौल। बुजुर्गों को सम्मानित करते अमित शर्मा। फोटो : हरिभूमि

सिहमा में आंगनवाड़ी मिलन सेवा कार्यक्रम में किया जागरूक

मंडी अटेली। सेवा संकल्प अभियान के तहत सिहमा में तीन दिवसीय आंगनवाड़ी मिलन सेवा कार्यक्रम के पहले दिन महिलाओं और बच्चों को स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महिला पंच कविता और सुपरवाइजर पूजा यादव ने किया।कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच और टीकाकरण के महत्व की जानकारी दी गई। इस मौके पर आंगनवाड़ी वर्कर सावित्री, हेल्पर सविता तथा आशा वर्कर सुनील, बिमला सहित अन्य महिलाएं मौजूद रहीं।



मंडी अटेली। महिलाओं को जागरूक करती सुपरवाइजर पूजा यादव।

न्यूज डायरी

आईटीआई में दिखाई स्वरोजगार की राह

नारनौल। राजकीय महिला आईटीआई में वीरवार सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज अभियान चलाया गया। जिसमें प्रशिक्षुओं को बताया गया कि खाद्य प्रसंस्करण उन्नयन योजना के तहत अपना उद्यम शुरू करने पर सरकार 35 प्रतिशत तक, अधिकतम 10 लाख रुपये की सब्सिडी देती है। कार्यक्रम का आयोजन जिला उद्योग केंद्र और जिला एमएसएमई केंद्र ने संयुक्त रूप से किया। उद्योग विभाग की ओर से औद्योगिक विस्तार अधिकारी अजय यादव ने एमएसएमई विभाग की विभिन्न योजनाओं और उद्योग विभाग की स्टार्टअप योजना की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने आईटीआई प्रशिक्षुओं से आह्वान किया कि वे ज्यादा से ज्यादा स्वरोजगार अपनाएं। उन्होंने कहा कि स्वरोजगार से युवा खुद तो रोजगार पाएंगे ही, दूसरों को भी रोजगार देने में सक्षम होंगे।

घर-परिवार का पालन-पोषण सबसे बड़ा धर्म

नारनौल। गांव ढुलोठ जाट मे संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन सर्वप्रथम मुख्य यजमान राकेश कुमार, सुरेश कुमार, महिपाल सिंह, अशोक कुमार, प्रवीण कुमार व समस्त परिवार से आचार्य मनीष शास्त्री व यश शर्मा, गोपेश शर्मा ने विधिविधान से श्री गणपति पूजन, कलश, नवग्रह तथा षोडश मातृका और पितरों का पूजन करवाया। इस अवसर पर भागवत आचार्य बजरंग शास्त्री ने कहा कि श्रीमद्भागवत साक्षात नारायण का स्वरूप है और मुक्ति प्रदाता है। आचार्य ने बताया कि घर परिवार का पालन पोषण करना हमारा धर्म है, लेकिन हमारी हर एक श्वास में प्रभु का नाम स्मरण होता रहे, यहीं मानव जीवन का परम धर्म है। उन्होंने कहा कि भागवत में मुख्य रूप से भगवान के 24 अवतारों का वर्णन किया गया है।

भूगोल और भू-गर्भ शास्त्र दोनों ही पृथ्वी विज्ञान के विषय, विद्यार्थियों में बढ़ रही रूचि

भू-गर्भ शास्त्र में करियर की असीम संभावनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

राजकीय महाविद्यालय में भू गर्भ शास्त्र विभाग की ओर से नए सत्र में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों के लिए नव आगमन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. कृष्ण कुमार ने भू-गर्भ शास्त्र में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों का स्वागत किया और कहा कि राजकीय महाविद्यालय हरियाणा का एकमात्र ऐसा राजकीय कॉलेज है, जहां भू-गर्भ शास्त्र विभाग में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के छात्र अध्ययन कर रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य वक्ता मौसम विशेषज्ञ एवं भूगोल विद प्रो. डॉ. चंद्र मोहन ने बताया कि आधुनिक युग में भू-गर्भ शास्त्र विषय की काफी मांग है और भूगर्भ शास्त्र में करियर की असीम संभावनाएं है।

भूगोल विषय और भू-गर्भ शास्त्र दोनों ही पृथ्वी विज्ञान के विषय है। उन्होंने कहा कि राजकीय महाविद्यालय का भू-गर्भ शास्त्र विभाग सबसे पुराना है और भू-गर्भ विभाग के पूर्व विद्यार्थियों की ओर से विश्व के अनेक दों के भारत की विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे भारतीय भू सर्वेक्षण और नेचुरल गैस कॉरपोरेशन केंद्रीय बोर्ड, केंद्रीय खनन विभाग, राज्य भू खनन, जल विज्ञानी, जलविद्युत परियोजनाओं, पेट्रोलियम कंपनियों में भू-आकृति विज्ञानी के रूप में बड़े बड़े पदों पर विराजमान हैं। उन्होंने कहा कि भू-गर्भ शास्त्र विषय के विधार्थियों ने पिछले सात दशकों से महाविद्यालय के साथ जिला महेंद्रगढ़ ही नहीं, बल्कि हरियाणा और देश का नाम अंतरराष्ट्रीय पटल पर सुर्खियां बटोरी है, क्योंकि यहां के भू-गर्भ शास्त्र के विद्यार्थी विश्व के विकसित और विकासशील देशों में अपने अपने बहुआयामी विषय की बदोलत उच्च पदों पर आसीन हैं। भू-गर्भ शास्त्र विभागाध्यक्ष एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. जयपाल सिंह ने विभाग में सालभर होने वाली ऐक्टिविटीज और गतिविधियों के बारे में बताया।



नारनौल। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जानकारी देते डॉ. चंद्र मोहन।

प्राकृतिक घटनाक्रमों को जानने का अवसर

भू-गर्भ शास्त्र विभाग के भू-वैज्ञानिक डॉ. सोनू जागलान ने कहा कि छोटी-छोटी आदतें बड़ा अंतर पैदा कर सकते हैं, इसलिए विद्यार्थियों को अपनी आदतों को अच्छा बनाने की कोशिश करनी चाहिए। विभाग में सहायक प्राध्यापक डॉ. सपना यादव ने कहा कि भू विज्ञान एक रुचिकर विषय है, इसमें प्राकृतिक घटनाक्रमों को जानने का अवसर प्राप्त होता है तथा हम धरती पर धरती से मिलने वाले खनिज पदार्थ के स्रोतों का अध्ययन करते हैं। कार्यक्रम में भू विभाग विषय की सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

ताजपुर पहुंची संयुक्त निदेशक

नारनौल। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आंगन मिलन सेवा एवं पोषण माह का आयोजन महिला एवं बाल विकास परियोजना अटेली के गांव ताजपुर स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में किया गया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग, हरियाणा की संयुक्त निदेशक राजबाला कटारिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। मुख्य अतिथि के पहुंचने पर जिला कार्यक्रम अधिकारी शालू यादव, परियोजना अधिकारी अटेली राधा यादव और विभागीय टीम ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। जिला कार्यक्रम अधिकारी शालू यादव ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के जरिए विभाग का प्रयास है कि हर पात्र लाभार्थी तक योजनाओं और सेवाओं का लाभ पहुंचे।

NOTICE

I, Manoj Kumar S/o Sh. Rati Ram R/o Bass Mohalla, Mahendergarh, Tehsil & District Mahendergarh, Haryana, hereby declare that I want to change my name from Mohan Lal to Manoj Kumar. Both names belong to one and the same person. Henceforth, I shall be known as Manoj Kumar for all purposes.

सार्वजनिक सूचना

मैं तारा देवी पत्नि धीरेंद्र सिंह वासी गांव मूसनौता तहसील नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ़ हरियाणा बयान करती हूं कि मेरे पति के भारतीय सेना रिकॉर्ड में मेरी जन्म तिथि 01.05.1989 दर्ज है जो कि गलत है। मेरे आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मेरी जन्म तिथि 01.01.1989 है जो कि सही है। नियमानुसार सही करें।

निपुण मिशन की बैठक में शैक्षणिक पर्यवेक्षण मजबूत करने पर जोर

आवधिक आंकलन-1 के परिणामों का क्लस्टर व खंड स्तर पर होगा विश्लेषण

बैठक में विद्यालय भ्रमण की अनुपालना, आवधिक आकलन-1 के परिणामों के विश्लेषण से जुड़े बिंदु रखे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

निपुण हरियाणा मिशन के तहत जिला परियोजना क्रियान्वयन इकाई की बैठक बुधवार को एडीसी कार्यालय, नारनौल में हुई। अतिरिक्त उपायुक्त तरुण कुमार पवारिया के निर्देशानुसार हुई बैठक में जिले में विद्यार्थियों के बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान से जुड़े अधिगम स्तर की समीक्षा की गई। बैठक में विद्यालयों के नियमित भ्रमण, विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति की निगरानी और अधिगम अंतराल को दूर करने के लिए लक्षित शैक्षणिक सहयोग पर जोर दिया गया। अतिरिक्त उपायुक्त तरुण कुमार ने आवधिक आंकलन-1 के खंडवार परिणामों की समीक्षा करते हुए कहा कि आंकड़ों का विद्यालय, क्लस्टर और खंड स्तर पर गहन विश्लेषण किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन विद्यार्थियों ने अपेक्षित कक्षा-स्तरीय दक्षताएं हासिल नहीं की हैं, उनकी पहचान कर उन्हें आवश्यकता के अनुसार शैक्षणिक सहायता और उपचारात्मक शिक्षण उपलब्ध कराया जाए। जिला शिक्षा अधिकारी एवं प्रशिक्षण संस्थान महेंद्रगढ़ के प्राचार्य डॉ. विश्वेश्वर कौशिक तथा जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार शर्मा के नेतृत्व में हुई बैठक का संयोजन जिला एफएलएन समन्वयक डॉ. विक्रम सिंह ने किया। इसमें जिले के सभी खंड शिक्षा अधिकारियों, मेंटर्स, खंड एफएलएन समन्वयकों और जिला परियोजना क्रियान्वयन इकाई के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में जिला एफएलएन समन्वयक डॉ. विक्रम सिंह ने मेंटर एवं मॉनिटर द्वारा किए जाने वाले विद्यालय भ्रमण की अनुपालना, आवधिक आकलन-1 के परिणामों के विश्लेषण, निपुण डैशबोर्ड के आंकड़ों के आधार पर बीपीआईयू और सीपीआईयू बैठकों के संचालन तथा विद्यालयों में शैक्षणिक पर्यवेक्षण एवं सहयोग व्यवस्था से जुड़े बिंदु रखे।



नारनौल। कार्यालय में मीटिंग लेते एडीसी तरुण कुमार पावरिया। फोटो : हरिभूमि

विद्यार्थियों के अधिगम स्तर की जांच का दिया जाए ध्यान

डीईओ डॉ. विश्वेश्वर कौशिक ने क्लस्टर स्तर की बैठकों को अधिक प्रभावी और आंकड़ा-आधारित बनाने पर जोर दिया। उन्होंने क्लस्टर मुखियाओं से अपने अधीन आने वाले विद्यालयों का नियमित भ्रमण करने तथा विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति की निरंतर समीक्षा करने को कहा। बैठक में कहा गया कि विद्यालय भ्रमण के दौरान केवल सामान्य निरीक्षण तक सीमित रहने के बजाय कक्षा अवलोकन, विद्यार्थियों के अधिगम स्तर की जांच और सीखने में आ रही कठिनाइयों की पहचान पर ध्यान दिया जाए। इसके आधार पर विद्यार्थियों को आवश्यक शैक्षणिक सहयोग उपलब्ध कराने तथा भ्रमण के दौरान सामने आए बिंदुओं की बाद में समीक्षा करने की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने को कहा गया। अधिकारियों ने निपुण डैशबोर्ड को आंकड़ा-आधारित निर्णय लेने का महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए कहा कि बीपीआईयू और सीपीआईयू की बैठकों में विद्यालयों की प्रगति की समीक्षा डैशबोर्ड के आंकड़ों और अन्य संबंधित शैक्षणिक संकेतकों के आधार पर की जाए।

कैप्सूल कार्यक्रम की दी जानकारी

राज्य स्तरीय टीम की प्रतिनिधि पूर्वी शर्मा ने स्कूल सपोर्ट कैप्सूल कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने कार्यक्रम के उद्देश्यों तथा विद्यालयों में शैक्षणिक सहयोग को मजबूत करने में इसकी भूमिका से प्रतिभागियों को अवगत कराया। संबंधित अधिकारियों और हितधारकों को कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा गया। बैठक में सभी विद्यालयों के नियमित भ्रमण, आवधिक आकलन-1 के परिणामों के खंडवार विश्लेषण, अधिगम अंतराल वाले विद्यार्थियों को लक्षित शैक्षणिक सहयोग देने, स्कूल सपोर्ट कैप्सूल कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से लागू करने और अर्धवार्षिक परीक्षाओं की शुचिता बनाए रखें।

ये रहे मौजूद

खंड शिक्षा अधिकारी पवन भारद्वाज, बीईओ जगमाल सिंह, बीईओ कुसुम यादव, बीईओ विकास जयदीप एवं बीईओ सुनील कुमार, डायट महेंद्रगढ़ से जितेंद्र कुमार, संपर्क फाउंडेशन से मनीष कुमार, ह्यूमाना पीपल टू पीपल से सौरभ कुमार, सीएसएफ से अविनाश कुमार तथा विभिन्न खंडों के एफएलएन समन्वयक संदीप कुमार, रोहताश कुमार, गुलशन कुमार, सुमित्रा देवी और डॉ. हेमंत कुमारी सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

श्रीकृष्णा स्कूल में गांधी जयंती पर मनमोहक झांकियों ने मोहा मन

- महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और सादगी के विचार आज भी प्रासंगिक : डॉ. बीरसिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। महात्मा गांधी की वेशभूषा में सजे नन्हे विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर श्रीकृष्णा स्कूल में समारोह हुआ, जिसमें मुख्यातिथि स्कूल चेयरमैन डॉ. बीरसिंह यादव, विशिष्ट अतिथि सीईओ कर्मवीर राव व डॉ. कविता राव उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता प्राचार्य रवि प्रकाश ने की। प्री-प्राइमरी हेड संतोष यादव ने बताया कि जयंती पर विद्यालय परिसर में विभिन्न देशभक्ति और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें नर्सरी से लेकर कक्षा प्रथम तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा निकाली गई मनमोहक झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। बच्चे बापू और लाल बहादुर शास्त्री की पारंपरिक वेशभूषा में सजे-धजे नजर आए। चेयरमैन डॉ. बीरसिंह यादव ने कहा कि महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और सादगी के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का निरंतर प्रयास करना चाहिए। सीईओ कर्मवीर राव व डॉ. कविता राव ने कहा कि शिक्षा का असली उद्देश्य बच्चों में नैतिक मूल्यों का विकास करना है। बापू के आदर्शों को जीवन में अपनाकर ही हम एक अनुशासित, स्वच्छ और समृद्ध राष्ट्र के निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान सुनिश्चित कर सकते हैं। प्राचार्य रवि प्रकाश ने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी और विद्यार्थियों को महात्मा गांधी के महान सिद्धांतों, विचारों तथा देश के प्रति उनके अतुलनीय समर्पण से पूरी तरह अवगत कराना है। इस दौरान बच्चों के लिए विशेष स्वच्छता अभियान, सुंदर निबंध लेखन, राष्ट्रभक्ति गीतों पर आधारित मनमोहक समूह गान और चित्रकला प्रतियोगिता का शानदार आयोजन कराया गया।



एमआर स्कूल में गांधी जयंती मनाई

नारनौल। एमआर पब्लिक स्कूल मित्रपुरा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर पुष्प अर्पित करके किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भाषण, कविता, देशभक्ति गीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों तथा लाल बहादुर शास्त्री के सादगी, ईमानदारी और देशसेवा के आदर्शों पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को दोनों महान नेताओं के जीवन से प्रेरणा लेने तथा सत्य, अनुशासन, स्वच्छता और देशभक्ति के मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

गांधी एवं शास्त्री जयंती मनाई

महेंद्रगढ़। अरावली इंटरनेशनल स्कूल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय चेयरमैन अशोक कुमार यादव ने दीप प्रज्वलित करके किया। विद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्यों ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। विद्यार्थियों एवं अध्यापकों ने दोनों महान विभूतियों के जीवन, आदर्शों और देश के प्रति उनके योगदान को याद किया। चेयरमैन अशोक कुमार यादव ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा और स्वच्छता का संदेश दिया, जबकि लाल बहादुर शास्त्री ने सादगी, ईमानदारी और देशसेवा की मिसाल कायम की।



न्यूज डायरी

प्रदेश प्रभारी व सह-प्रभारी का मंजू ने किया अभिनंदन



नारनौल। हरियाणा प्रदेश की नवनियुक्त प्रभारी एवं वरिष्ठ भाजपा नेत्री स्मृति ईरानी और प्रदेश के सह-प्रभारी सांसद डॉ. भोला सिंह से दिल्ली स्थित कार्यालय पर भाजपा नेत्री मंजू चौहान ने शिष्टाचार भेंट कर अभिनंदन किया। मंजू चौहान ने बताया कि डॉ. भोला सिंह अखिल भारतीय खटिक समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रह चुके हैं। हरियाणा प्रदेश के सह-प्रभारी के रूप में उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर मंजू चौहान ने समाज व भाजपा परिवार की और से शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नई जिम्मेदारी मिलने की खुशी में युवा भाजपा नेत्री एडवोकेट रिया चौहान की ओर से युवा कार्यकर्ताओं के साथ अनेक क्षेत्रों में मिठाई वितरित कर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया।



आरआरसीएम में हुई अंतर विद्यालय सुलेख प्रतियोगिता

महेंद्रगढ़। आरआरसीएम ग्रुप ऑफ स्कूल्स में अंतर विद्यालय प्रतियोगिता हुई। यह प्रतियोगिता का आयोजन आरआरसीएम सेहलग-छिथरोली कैंपस कनीना में हुआ। प्रतियोगिताएं में कक्षा तीन से आठ एकल अभिनय, हिन्दी व अंग्रेजी भाषण, हिन्दी सुलेख व अंग्रेजी सुलेख और कक्षा नौवीं व दसवीं के बीच अंग्रेजी सुलेख का आयोजन किया गया, जिसमें 6 से 12 सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आरआरसीएम कनीना प्रथम, सरस्वती शिक्षा निकेतन माजरा कला द्वितीय, रामचंद्र विद्यालय व सरस्वती विद्यालय भड़फ तृतीय स्थान पर रहा। सभी प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। विद्यार्थियों को संस्था चेयरमैन रोशनलाल ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया और इसी प्रकार से और भी आगे बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संस्था के सभी अध्यापक और सभी संस्थाओं के गतिविधि प्रभारी मौजूद रहे।



बीआर में गांधी व शास्त्री जयंती पर स्वच्छता अभियान

महेंद्रगढ़। बीआर आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेहलंग में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्यातिथि विद्यालय चेयरमैन हरीश भारद्वाज व अध्यक्षता प्राचार्या ज्योति भारद्वाज ने की। विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की और स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी के जीवन, उनके संघर्ष, सत्य एवं अहिंसा के सिद्धांतों को नाटक के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। चेयरमैन हरीश भारद्वाज ने कहा कि गांधी जी के विचार केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं रहने चाहिए, बल्कि स्वच्छता, सत्य, अहिंसा और अनुशासन को हमें अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने लाल बहादुर शास्त्री की सादगी, ईमानदारी और राष्ट्रसेवा को विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी बताया।

प्रो. यशपाल हुए सेवानिवृत्त

नारनौल। शिक्षा के क्षेत्र में 31 वर्षों की गौरवपूर्ण सेवा के बाद राजकीय महिला महाविद्यालय के भूगोल विभाग के प्रोफेसर डॉ. यशपाल सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार की ओर से भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया, जिसमें प्राध्यापकों और कर्मचारियों ने उनके सराहनीय सेवाकाल को याद करते हुए उज्ज्वल एवं स्वस्थ भविष्य की कामना की। गांव खटोटी निवासी डॉ. यशपाल ने अपने 31 वर्षों के सेवाकाल में लगभग 26 वर्ष उच्च शिक्षा के क्षेत्र में योगदान दिया। प्राचार्य डॉ. अमित चौधरी ने कहा कि महाविद्यालय परिवार डॉ. यशपाल को कभी नहीं भूल पाएगा। समारोह में डॉ. यशपाल के परिवार से पत्नी सुनीता, पुत्र विकास, पुत्री साक्षी, दामाद दीपक, छोटे भाई डॉ. सुधीर, भाभी सुषमा सहित राजेश, रामफल, डॉ. नीरज, नरेंद्र कुमार, रीना उपस्थित रहे।



किशोर बिगोपुर ने गोसेवा के लिए फलों से भरी वैन की दान, एक लाख देने की घोषणा

नारनौल। श्रीनंद ब्रह्मचारी गोशाला कुलताजपुर में गोसेवा के क्षेत्र में एक सराहनीय पहल देखने को मिली। क्षेत्र के प्रमुख गोसेवक किशोर बिगोपुर ने फलों से भरी एक वैन गोसेवा के लिए दान की। इसके साथ ही किशोर बिगोपुर की ओर से गोशाला की व्यवस्थाओं के लिए एक लाख, सुनील नांगलिया मित्रपुरा की ओर से 11000, मुकेश वालिया की ओर से 11000, रमेश यादव की ओर से 1100, राजेश यादव की तरफ से 1100 देने की घोषणा भी की। इस अवसर पर किशोर बिगोपुर ने कहा कि गोसेवा केवल एक सेवा नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। गोमाता की सेवा और गोशालाओं की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वे सदैव अपना सहयोग देते रहेंगे। श्रीअनाथ गोशाला के वरिष्ठ संरक्षक जयप्रकाश मांदी, प्रधान उज्जनपाल यादव ने कहा कि किशोर बिगोपुर की ओर से किया गया यह सहयोग गोसेवा के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि ऐसे सहयोग से गोशालाओं में सेवा कार्यों को और मजबूती मिलेगी। पब्लिक हेल्थ परिवार पूर्व प्रधान रमेश यादव व राजेश यादव ने कहा कि गोसेवा में किया गया प्रत्येक सहयोग गोमाता के लिए समर्पित सेवा है।

गूंजा स्वच्छता का संदेश

नारनौल। प्रदेशभर में चल रहे सेवा मेरा योगदान–सेवा संकल्प अभियान के तहत राजकीय महाविद्यालय ने गोद लिए गांव पटीकरा में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया। महाविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों ने गांव के शहीद स्मारक और उसके आसपास के क्षेत्र की सफाई कर श्रमदान किया। प्राचार्य डॉ. कृष्ण कुमार के मार्गदर्शन में हुए इस अभियान में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह से हिस्सा लिया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमित कुमार, विशाल कुमार व सोनम गर्ग ने भी स्वयंसेवकों के साथ मिलकर सफाई कार्य में हाथ बंटाया। उन्होंने विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें नियमित रूप से समाज के काम आने वाली गतिविधियों से जुड़ने को कहा। उन्होंने कहा कि एनएसएस का उद्देश्य युवाओं को समाज के प्रति संवेदनशील बनाना और उनमें सेवा, अनुशासन, नेतृत्व व सामाजिक जिम्मेदारी की भावना जगाना है।

न्यूज डायरी

धार्मिक कार्यक्रमों से होता है नैतिक मूल्यों का विकास

नारनौल। श्री गोपाल सेवा समिति पटीकरा की ओर से गणेश महोत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों एवं सहयोगियों के लिए सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सोनू भारद्वाज रही। अध्यक्षता प्रवक्ता डॉ. जितेंद्र भारद्वाज ने की। सर्वप्रथम समिति के अध्यक्ष ललित गोयल ने अतिथियों को पटका पहनाकर स्वागत किया गया। इसके बाद गणेश महोत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले बच्चों को स्मृति चित्र देकर व मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर खेल प्रतियोगिता में प्रथम ईशान, द्वितीय भावया, नृत्य में कल्पना, शिवानी, गुंजन, पीयूष, सारिका, शिवानी, ईशानी, रागनी, मानवी, डिंपल, अलीशा, कार्य सहयोगी के रूप मे ईशान, मयंक, दुष्यंत, यशु, भावेश व केशव तथा उत्सव सहयोगी सदस्य के रूप मे सन्नी शर्मा, दीपक सैन, गोलू सैन, संदीप स्वामी, मदन कुमार, राकेश सैनी, मोहित यादव, कैलाश यादव, कपिल यादव को सम्मानित किया गया।

हकेंवि में चलाया एक साथ स्वच्छता अभियान

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में स्वच्छता ही सेवा अभियान व एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के अंतर्गत वीरवार को विश्वविद्यालय परिसर में एक दिन, एक घंटा, एक साथ स्वच्छता अभियान चलाया गया। विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई एवं स्वास्थ्य केंद्र के साझा प्रयासों से आयोजित इस स्वच्छता अभियान में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार, समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा, कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने भी स्वच्छता ही सेवा अभियान में सक्रिय भागीदारी की। व रमन उपस्थित रहें।

यादव धर्मशाला में नेत्र जांच शिविर चार को

महेंद्रगढ़। यादव धर्मशाला के मुख्य सभागार में चार अक्टूबर को 196वां निःशुल्क नेत्र जांच शिविर राहत ग्रुप, एवं यादव सभा के संयुक्त तत्वाधान में किया जाएगा। कप्तान राजेंद्र सिंह खेड़ा ने बताया की निःशुल्क नेत्र जांच शिविर राहत ग्रुप प्रधान डॉ. रामपाल यादव की अध्यक्षता में लगाया जाएगा। नेत्र रोगी प्रातः आठ बजे से अपने आधार कार्ड के साथ यादव धर्मशाला के मुख्य सभागार में पंजीकरण के लिए पहुंचे। नेत्र रोगियों की जांच डॉ. जितेंद्र यादव, यादव नेत्र चिकित्सालय महावीर चौक नारनौल के चिकित्सकों द्वारा की जाएगी। चयनित मरीजों को ऑपरेशन के लिए किशनलाल जालान राजकीय नेत्र अस्पताल भिवानी भेजा जाएगा।

देवयानी स्कूल में उत्साह से मनाई गांधी जयंती

महेंद्रगढ़। देवयानी इंटरनेशनल स्कूल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस दौरान विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी के जीवन, उनके विचारों तथा सत्य, अहिंसा और शांति के सिद्धांतों को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने भाषण एवं कविता पाठ के माध्यम से महात्मा गांधी के व्यक्तित्व, उनके संघर्षपूर्ण जीवन और देश की स्वतंत्रता में उनके अतुलनीय योगदान को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कक्षा सातवीं के केशव, कक्षा आठवीं की तन्वी तथा कक्षा छठी की तनिषा एवं प्रज्ञा ने अपने भाषणों के माध्यम से गांधी जी के जीवन आदर्शों, सत्य और अहिंसा के महत्व तथा समाज में प्रेम, सद्भाव और समानता की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। वहीं, कविता पाठ के माध्यम से नन्हे विद्यार्थियों ने भी सभी का मन मोह लिया। कक्षा चौथी की दीक्षा, पलक एवं अर्पिता तथा कक्षा पहली के भाव्या और ईशान ने अपनी सुंदर कविताओं के माध्यम से गांधी जी के विचारों और उनके महान व्यक्तित्व को प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य बलवान सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को गांधी के विचारों से प्रेरणा लेकर एक जिम्मेदार नागरिक बनना चाहिए।

सेमेस्टर परीक्षा में सूरज कॉलेज की दो छात्राएं टॉप 10 मेरिट सूची में





महेंद्रगढ़। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर द्वारा चौथे सेमेस्टर की टॉप 10 मेरिट लिस्ट घोषित की गई, जिसमें सूरज कॉलेज के विद्यार्थियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा, जिसमें बीएससी लाइफ साइंस चौथे सेमेस्टर की छात्रा ईशा तंवर पुत्री सतीश महेंद्रगढ़ ने 9.90 एसजीपीए लेकर पूरे विश्वविद्यालय में चौथा स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में पायल पुत्री अनिल कुमार आदलपुर ने 9.80 एसजीपीए लेकर विश्वविद्यालय में सातवां स्थान प्राप्त किया। नेहा पुत्री अनिल कुमार 9.40 एसजीपीए, दीपांशी पुत्री हरीश 9.30 एसजीपीए, निधि पुत्री मनोज 8.90 एसजीपीए, मुस्कान पुत्री बलवंत सिंह 8.80 एसजीपीए, दीपक पुत्र महेंद्र सिंह 8.50 एसजीपीए, दीक्षा कुमारी पुत्री प्रवीण कुमार 8.40 एसजीपीए, दीपिका पुत्री ओमबीर 8.10 एसजीपीए प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ. सुधाकर गुप्ता ने बताया कि कॉलेज का श्रेष्ठ परिणाम विद्यार्थियों के कठोर परिश्रम व शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने बताया कि कॉलेज के विद्यार्थी किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। कॉलेज निदेशक संदीप प्रसाद ने भी परिणाम पर खुशी जाहिर करते हुए विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की हैं।

चांदुवाड़ा में 8 अक्टूबर से होगा रामलीला कार्यक्रम

नारनौल। श्री धार्मिक रामलीला चांदुवाड़ा के रंगमंच पर आगामी 8 अक्तूबर से शुरू होने वाली रामलीला को लेकर बुधवार रात पदाधिकारियों और कलाकारों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता रामलीला प्रधान नरेंद्र जैन ने की, जबकि संचालन डायरेक्टर मनोज वर्मा ने किया। बैठक में रामलीला के मंचन की तैयारियों को अंतिम रूप देने के साथ कलाकारों को उनकी जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया गया। रामलीला प्रधान नरेंद्र जैन ने कहा कि इस वर्ष रामलीला मंचन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि रामलीला में युवाओं की बढ़ती भागीदारी और उत्साह अच्छा संकेत है। उन्होंने पदाधिकारियों और कलाकारों से उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारियों को भगवान श्रीराम की सेवा समझकर पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाने का आह्वान किया।

जीवन में हमें धर्म का साथ कभी नहीं छोड़ना चाहिए: स्वामी श्रीरामप्रपन्नाचार्य

महेंद्रगढ़। मानव योनि हमें धर्म संग्रह करने के लिए मिली है। धर्म ही जीव के साथ जाता है। अधर्म से ही व्यक्ति का लोक और परलोक दोनों बिगड़ते हैं। इसलिए जीवन में हमें धर्म का साथ कभी नहीं छोड़ना चाहिए। उपरोक्त प्रवचन कमला भवन धर्मशाला में बीती देर शाम चली श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन स्वामी श्रीरामप्रपन्नाचार्य महाराज ने व्यक्त किए। उन्होंने कथा के दौरान बच्चों के लिए उनके माता-पिता को सीख देते हुए कहा कि आजकल छोटे बच्चों व युवाओं को बिगाड़ने में मोबाइल का अहम योगदान है। इस लिए बच्चों को मोबाइल से दूर रखना चाहिए। उन्होंने बताया कि मोबाइल के कारण बच्चे अब एकांतवासी होने लग गए हैं, इससे घर टूटने तक की मुसीबत आ खड़ी होती है। इसका मुख्य अहम कारण मोबाइल फोन ही बन रहा है। कथावाचक बताया कि वे अपने बच्चों को संस्कारी बनाने पर जोर दें। उन्होंने यह भी बताया कि जिस घर में माता-पिता, दादा-दादी, भाई बहनों के बीच आपसी प्रेम नहीं होता वह घर नहीं होता। परिवार में आपसी प्रेम होना अत्यंत जरूरी है। उन्होंने कहा कि जहां प्रेम होता है वहां सौहार्द का वातावरण हमेश बना रहता है।

पहल प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट ने सामाजिक प्रकल्प राष्ट्र ऋण का शुभारंभ

सैनिक अपने जीवन के वर्ष राष्ट्र की सुरक्षा में करते हैं समर्पित : शर्मा

सीमा प्रहरी के घर पहुंचेगा समाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। डॉ. संजय शर्मा।

देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए अपना जीवन राष्ट्र के नाम समर्पित करने वाले सैनिकों के प्रति समाज की कृतज्ञता को नई अभिव्यक्ति देने की दिशा में प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट ने एक अनूठे सामाजिक प्रकल्प "राष्ट्र ऋण" के शुभारंभ की घोषणा की है। इस प्रकल्प के अंतर्गत सेना से सेवानिवृत्त होकर अपने घर लौटने वाले सैनिकों के द्वार तक ट्रस्ट के सदस्य स्वयं पहुंचेंगे और उनके परिवार सहित नागरिक अभिनंदन करेंगे।

ट्रस्ट के संस्थापक एवं अध्यक्ष डॉ. संजय शर्मा ने प्रकल्प की घोषणा करते हुए कहा कि सैनिक केवल अपनी नौकरी पूरी करके सेवानिवृत्त नहीं होता, बल्कि वह अपने जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष राष्ट्र की सुरक्षा और सेवा में समर्पित करके समाज में लौटता है। उसके योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना किसी एक संस्था का नहीं, बल्कि पूरे समाज का दायित्व है। इसी भावना को स्थायी सामाजिक परंपरा का रूप देने के उद्देश्य से "राष्ट्र ऋण" प्रकल्प प्रारंभ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकल्प की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह होगी कि सम्मान पाने के लिए सैनिक को मंच पर बुलाने के बजाय समाज स्वयं उसके घर जाएगा। ट्रस्ट की टीम सैनिक के घर पहुंचकर उसे अंगवस्त्र, स्मृति चिह्न, पुष्प एवं नागरिक अभिनंदन-पत्र भेंट करेगी। इस अवसर पर सैनिक के परिवार को भी सम्मानपूर्वक साथ जोड़ा जाएगा, क्योंकि सैनिक की राष्ट्रसेवा के पीछे उसके परिवार का त्याग, प्रतीक्षा और सहयोग भी जुड़ा होता है।

सैनिकों की कहानियां बनेंगी युवाओं की प्रेरणा

ट्रस्टी डॉ. जितेन्द्र भारद्वाज व नरोत्तम सोनी ने बताया कि प्रकल्प का एक महत्वपूर्ण पक्ष युवाओं और विद्यार्थियों को इससे जोड़ना भी होगा। ट्रस्ट की टीम के साथ विद्यार्थी एवं युवा स्वयंसेवक भी सैनिकों से संवाद करेंगे। सैनिकों से उनके सेवा अनुभव, अनुशासन, संघर्ष, राष्ट्रसेवा और जीवन की सीख के बारे में बातचीत की जाएगी। इन प्रेरक अनुभवों को अनुमति के साथ संकलित कर हमारे सैनिक हमारी प्रेरणा जैसी श्रृंखला के माध्यम से युवाओं तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

परिवार के त्याग को भी मिलेगा स्थान

ट्रस्टी भीमसेन शर्मा व ओशिन शुक्ला के अनुसार ट्रस्ट ने स्पष्ट किया है कि "राष्ट्र ऋण" में सैनिक के साथ उसके परिवार को भी इस भावयात्रा का हिस्सा बनाया जाएगा। सैनिक की पत्नी, माता-पिता एवं परिवार के सदस्यों के योगदान को भी स्वीकार करते हुए उनका अभिनंदन किया जाएगा। अध्यक्ष डॉ. संजय शर्मा के अनुसार प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट के "सेवा, शिक्षा, संस्कार" के मूल भाव के अनुरूप यह प्रकल्प सामाजिक सेवा के साथ-साथ राष्ट्रभाव और युवा संस्कार से भी जुड़ा हुआ है। ट्रस्ट का मानना है कि देशभक्ति केवल नारों और आयोजनों तक सीमित न रहकर समाज के व्यवहार में दिखाई देनी चाहिए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डैंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005